हरिभूमि

# नर्मदापुरम भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, शनिवार 20 जून 2026

[नर्मदापुरम | इटारसी | पिपरिया | पचमढ़ी | सोहागपुर | सिवनी-मालवा | माखननगर | बनखेड़ी]

04 कुत्तों का आतंकः 5 महीने में 1397 को काटा ...



08 हरदा पुलिस ने 54.76 ग्राम एमडी पाउडर सहित दो...



## खबर संक्षेप

### मां से मारपीट करने वाले बेटे पर मामला दर्ज

**इटारसी।** पुरानी इटारसी के माठिया बाबा क्षेत्र में एक कलयुगी बेटे द्वारा शराब के नशे में अपनी ही मां के साथ गाली-गलौज, झूमाझटकी और जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है। घटना 18 जून की देर रात की है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, माठिया बाबा पुरानी इटारसी निवासी सरोज बाई 45 वर्ष पति नर्मदा प्रसाद अहिरवार ने थाने में शिकायत दर्ज कराई है कि उनके बेटे निलेश अहिरवार ने शराब के नशे में धुत्त होकर घर के सामने उनके साथ गंदी-गंदी गालियां दीं। जब मां ने गाली देने से मना किया, तो आरोपी बेटे ने उनके साथ झूमाझटकी करते हुए मारपीट की, जिससे उन्हें चोटें आईं।

### 23 जून को खोला जाएगा ईवीएम वेयरहाउस

**नर्मदापुरम।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जिले में स्थित ईव्हीएम-व्हीव्हीपीएटी वेयरहाउस के त्रैमासिक आंतरिक निरीक्षण के लिए 23 जून मंगलवार को सायं 4 बजे जिला कार्यालय तवा भवन परिसर स्थित ईवीएम-वीवीपैट वेयरहाउस खोला जाएगा। इस दौरान कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा वेयरहाउस का आंतरिक निरीक्षण किया जाएगा।

### कलेक्टर ने देखी नागद्वारी मंदिर मार्ग तक की व्यवस्थाएं

# अगस्त में शुरू होगी मध्यप्रदेश के 'अमरनाथ' नागद्वारी की धार्मिक यात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

मध्य प्रदेश का 'अमरनाथ' कही जाने वाली सुप्रसिद्ध नागद्वारी गुफा की वार्षिक यात्रा इस वर्ष अगस्त 2026 में प्रारंभ होने जा रही है। आगामी नाग पंचमी पर्व के अवसर पर आयोजित होने वाले इस विशाल मेले की तैयारियों को लेकर जिला प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद हो गया है। शुक्रवार को कलेक्टर सोमेश मिश्रा के नेतृत्व में प्रशासनिक अमले ने नागद्वारी मंदिर तक के कठिन ट्रैकिंग मार्ग और मेला क्षेत्र का संयुक्त निरीक्षण किया।

इस सघन निरीक्षण का मुख्य उद्देश्य मेले में देश-प्रदेश से आने वाले लाखों श्रद्धालुओं और पर्यटकों को सुरक्षित और सुगम यात्रा के साथ-साथ बेहतर मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराना है। इस दौरान अन्य अधिकारी भी शामिल रहे।

**मूलभूत सुविधाएंः**

- पेयजल, स्वास्थ्य सेवाएं, स्वच्छता और निर्बाध विद्युत आपूर्ति।
- आपातकालीन स्थितियों से निपटने के लिए ठोस कार्ययोजना और संचार व्यवस्था।
- ट्रैकिंग मार्गों का समय पर सुधार, विश्राम स्थलों का निर्माण और दिशा-सूचक (संकेतक) बोर्ड लगाना।

सुप्रसिद्ध नागद्वारी गुफा की वार्षिक यात्रा अगस्त 2026 में प्रारंभ होगी। यात्रा का जायजा लेने कलेक्टर ने पैदल ट्रैकिंग की।



### पर्यटन को मिलेगा बढ़ावा

नागद्वारी मेला केवल धार्मिक आस्था का प्रतीक नहीं है, बल्कि यह जिले की सांस्कृतिक विरासत और पर्यटन का भी एक प्रमुख केंद्र है। इस मेले के आयोजन से पचमढ़ी क्षेत्र में स्थानीय पर्यटन और अर्थव्यवस्था को बड़े पैमाने पर गति मिलती है। प्रशासन की चाक-चौबंद व्यवस्थाओं से इस बार भी मेले के सफल और भव्य आयोजन की उम्मीद है। निरीक्षण के दौरान प्रशासनिक और पुलिस महकमे के कई वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे, जिनमें प्रमुख रूप से एसपी साई कृष्ण एस. थोटा, ऋषभा नेताम उप संचालक, एसटीआर हिमांशु जैन जिपं सीईओ एवं अध्यक्ष महादेव मेला समिति, आकिब खान आदि मौजूद रहे।

### पैदल ट्रैकिंग कर परखीं व्यवस्थाएं

कलेक्टर मिश्रा ने संबंधित अधिकारियों के साथ दुर्गम पहाड़ी रास्तों का पैदल भ्रमण किया। इस दौरान उन्होंने यात्रा मार्ग के प्रमुख पड़ावों— जलगली, नागफनी, कालाझाड़, चिंतामन, चित्रशाला, स्वर्गद्वार, पश्चिमद्वार, नागद्वारी मंदिर और काजरी का बारीकी से मुआयना किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने विभिन्न व्यवस्थाओं का जायजा लिया और अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।

### समन्वय के साथ काम करने के निर्देश

कलेक्टर ने निर्देश दिए हैं कि सभी विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य करें ताकि निर्धारित समय सीमा के भीतर सभी तैयारियां पूरी की जा सकें। उन्होंने स्पष्ट किया कि इतनी बड़ी संख्या में आने वाले श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। उन्होंने कहा, कि नागद्वारी मेला प्रदेश के प्रमुख धार्मिक आयोजनों में से एक है। इसमें मध्यप्रदेश के अलावा अन्य राज्यों से भी भारी संख्या में लोग पहुंचते हैं। ऐसे में सुरक्षित और सुविधाजनक वातावरण प्रदान करना हमारी प्राथमिकता है।

## महिला वेटिंग रूम में सो रही यात्री का पर्स चोरी गया

### सीसीटीवी से खुला राज, एक आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

पश्चिम मध्य रेल के भोपाल मंडल अंतर्गत इटारसी रेलवे स्टेशन पर चोरी की एक बड़ी वारदात सामने आई है। स्टेशन के प्लेटफॉर्म नंबर 1 स्थित महिला वेटिंग रूम में सो रही एक बुजुर्ग महिला यात्री का पर्स अज्ञात बदमाशों ने पार कर दिया। हालांकि, रेलवे सुरक्षा बल ने त्वरित कार्रवाई करते हुए सीसीटीवी की मदद से एक आरोपी को पकड़ने में सफलता हासिल की है, जबकि उसका साथी चोरी किए गए सामान के साथ फरार हो गया है।

शुक्रवार, 19 जून 2026 को महाराष्ट्र के औरंगाबाद (सिडको एन/1 टाउन सेंटर) निवासी 60 वर्षीय सुधा जैन पति नेमीचंद इटारसी स्टेशन के प्लेटफॉर्म नंबर 1 पर स्थित महिला वेटिंग रूम में अपनी ट्रेन का इंतजार कर रही थीं। इसी दौरान नींद लगने पर किसी ने उनका लेडीज पर्स चोरी कर लिया। जागने पर जब उन्हें चोरी का पता चला, तो उन्होंने तुरंत आरपीएफ थाने में जाकर शिकायत दर्ज कराई।

चोरी गए पर्स में शामिल था यह महत्वपूर्ण सामान में नगदीः 20,000 रुपये, महत्वपूर्ण दस्तावेजः दो ट्रेन टिकट, पैन कार्ड, आधार कार्ड और कुछ जरूरी तस्वीरें, अन्य सामग्रीः एक धार्मिक किताब, चश्मा और दो हाथ घड़ियां जिनकी कुल अनुमानित कीमतः लगभग 40,000 रुपये आंकी गई है। महिला की शिकायत मिलते ही इटारसी आरपीएफ पोस्ट के सहायक उप निरीक्षक पुष्पेंद्र सिंह, प्रधान आरक्षक गजेंद्र बघेल और आरक्षक भूरा सिंह की टीम ने तत्काल प्रभाव से कार्रवाई शुरू की। स्टेशन पर लगे सीसीटीवी कैमरों को खंगाला गया, जिसके आधार पर पुलिस ने त्वरित रूप से एक संदिग्ध की पहचान की और उसे स्टेशन परिसर से ही धर दबोचा।

### पूछताछ में हुआ चौंकाने वाला खुलासा

पकड़े गए आरोपी ने अपना नाम अमन मेहरा 25 वर्ष, पिता भागीरथ मेहरा निवासी वार्ड नं. 22, भगतसिंह नगर, नाला मोहल्ला इटारसी बताया। कड़ाई से पूछताछ करने पर आरोपी अमन ने बताया कि उसने यह चोरी ईरानी डेरा (इटारसी) के रहने वाले तालिफ ईरानी के साथ मिलकर की थी। वारदात को अंजाम देने के बाद उसका साथी तालिफ ईरानी चोरी किया हुआ पूरा सामान लेकर मौके से भाग निकला।

## सेठानी घाट पर कल होगा जिला स्तरीय सामूहिक योगाभ्यास

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

आयुष विभाग, मध्य प्रदेश शासन के निर्देशानुसार एवं जिला प्रशासन के मार्गदर्शन में 12वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर 21 जून को प्रातः 6 बजे से 8 बजे तक सेठानी घाट, नर्मदापुरम में जिला स्तरीय सामूहिक योगाभ्यास कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।

इसी अवसर पर पचमढ़ी में भी योगाभ्यास कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम में जिले के जनप्रतिनिधिगण, शासकीय अधिकारी एवं कर्मचारी, विभिन्न शैक्षणिक संस्थाओं के छात्र-छात्राएं तथा बड़ी संख्या में आमजन सहभागी होंगे। सामूहिक योगाभ्यास के माध्यम से योग के प्रति जनजागरूकता बढ़ाने एवं स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का संदेश दिया जाएगा। जिला प्रशासन द्वारा कार्यक्रम की सभी आवश्यक तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के आयोजन का उद्देश्य योग को जन-जन तक पहुंचाना तथा लोगों को शारीरिक, मानसिक एवं आध्यात्मिक रूप से स्वस्थ जीवन के प्रति प्रेरित करना है।

## स्वप्नेश्वर हनुमान धाम समिति के 75 श्रद्धालुओं का दल मथुरा-वृंदावन तीर्थ यात्रा पर रवाना

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

नगर की श्री स्वप्नेश्वर हनुमान धाम मंदिर समिति के तत्वावधान में 75 महिला-पुरुष श्रद्धालुओं का एक जत्था शुक्रवार शाम मथुरा-वृंदावन की तीर्थ यात्रा के लिए रवाना हुआ।

यात्रा के संबंध में जानकारी देते हुए समिति के सदस्य राजेश तिवारी ने बताया कि तीर्थ यात्रियों का यह दल शुक्रवार शाम गांधी मिनी स्टेडियम के समीप एकत्रित हुआ। यहाँ से प्रमुख सेवादार मुकेश मिहानी के नेतृत्व में ढोल-बाजों के साथ सभी श्रद्धालु हर्षोल्लास के साथ रेलवे स्टेशन की ओर निकले।

स्टेशन के प्लेटफार्म क्रमांक एक पर पहुंचने के पश्चात सभी यात्री गोंडवाना एक्सप्रेस में सवार होकर मथुरा-वृंदावन के लिए रवाना हुए। इस अवसर पर




समिति के प्रमुख सेवादार मुकेश मिहानी, महेंद्र कुमार तिवारी, अधिवक्ता संजय गुप्ता, राजेश तिवारी, राजकुमार चौरे सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। सभी यात्रियों में यात्रा को लेकर विशेष उत्साह देखा गया।

## अमित शाह से मिले सांसद चौधरी, प्राकृतिक कृषि और सहकारिता पर अहम हुई चर्चा

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

होशंगाबाद-नरसिंहपुर लोकसभा क्षेत्र के सांसद दर्शन सिंह चौधरी ने नई दिल्ली में केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह से सौजन्य भेंट की। इस दौरान प्राकृतिक कृषि संवर्धन, किसान समृद्धि, ग्रामीण अर्थव्यवस्था के सुदृढ़ीकरण और सहकारिता क्षेत्र के विस्तार जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर सार्थक चर्चा हुई।

### किसानों की आय बढ़ाने के प्रयास



सांसद चौधरी ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने और किसानों की आय बढ़ाने के ऐतिहासिक प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने अमित शाह को मध्यप्रदेश में प्राकृतिक खेती को जनआंदोलन बनाने के प्रयासों की जानकारी दी।

### माना आभार

केंद्रीय मंत्री अमित शाह ने विकसित भारत के निर्माण में किसान, गांव और सहकारिता की अहम भूमिका पर बल देते हुए ग्रामीण सशक्तीकरण के लिए निरंतर कार्य करने का मार्गदर्शन दिया। सांसद चौधरी ने इस अमूल्य मार्गदर्शन के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इससे क्षेत्र में किसान कल्याण और ग्रामीण विकास को नई गति मिलेगी।

## न्यास कॉलोनी में पेयजल समस्या के समाधान करने पहुंचे नपाध्यक्ष, नागरिकों से किया संवाद

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम



नगर पालिका अध्यक्ष पंकज चौरे ने शुक्रवार प्रातः वार्ड क्रमांक 13 स्थित न्यास कॉलोनी पहुंचकर क्षेत्र की पेयजल व्यवस्था का जायजा लिया तथा नागरिकों से सीधे संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं। जलापूर्ति के समय और पानी की उपलब्धता को लेकर प्राप्त शिकायतों पर उन्होंने मौके पर ही संबंधित अधिकारियों एवं पंप ऑपरेटर को आवश्यक निर्देश दिए। संवाद के दौरान नागरिकों ने बताया कि निर्धारित समय पर पानी नहीं मिलने तथा अंतिम छोर तक जलापूर्ति देर से पहुंचने के कारण उन्हें परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इस पर नपा अध्यक्ष श्री चौरे ने पंप ऑपरेटर को स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि जल प्रदाय निर्धारित समय-सारणी के अनुसार ही किया जाए, ताकि सभी नागरिकों को समान रूप से पानी उपलब्ध हो सके और किसी को असुविधा न हो।

नागरिकों से सीधे संवाद करते हुए श्री चौरे ने कहा कि न्यास कॉलोनी क्षेत्र की भविष्य की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए 5 लाख लीटर क्षमता की नई पानी की टंकी का निर्माण लगभग अंतिम चरण में पहुंच चुका है। उन्होंने कहा कि यह परियोजना क्षेत्र के लिए महत्वपूर्ण साबित होगी और इसके शुरू होने के बाद जल भंडारण क्षमता में उल्लेखनीय वृद्धि होगी, जिससे लंबे समय से चली आ रही पेयजल समस्याओं का स्थायी समाधान संभव हो सकेगा।

### नर्मदापुरम में 3 केंद्रों पर होगी री-नीट परीक्षा

**नर्मदापुरम।** राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी द्वारा नेशनल एलिजिबिलिटी कम एंट्रेंस टेस्ट (री नीट-) परीक्षा 21 जून को आयोजित की जा रही है। नर्मदापुरम में शासकीय पीएम श्री नर्मदा कॉलेज, पॉलिटेक्निक कॉलेज और केंद्रीय विद्यालय एसपीएम को परीक्षा केंद्र बनाया गया है। जहां 1177 परीक्षार्थी शामिल होंगे। परीक्षा में किसी भी प्रकार की धांधली या पेपर लीक का मामला उजागर न हो, इसके लिए सुरक्षा व्यवस्था और सख्ती बढ़ाई गई है। परीक्षा केंद्रों तक पहुंच मार्ग, सुरक्षा इंतजाम, प्रवेश व निकास व्यवस्था, अभ्यर्थियों की सुगम आवाजाही, यातायात प्रबंधन, पार्किंग और पुलिस बल की तैनाती पर विशेष फोकस किया जा रहा है। परीक्षा केंद्र में एंट्री का अंतिम 1.30बजे रखा गया है। इसके बाद परीक्षार्थी को एंट्री नहीं मिलेगी। दोपहर 2 5 बजे तक पेपर होगा।

## इसरो के पूर्व डायरेक्टर ने वीडियो कॉल पर छुई इटारसी के खेल मैदान की मिट्टी, युवा हॉकी खिलाड़ियों को दिए सफलता के मंत्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

इनसान अपनी कर्मभूमि के शिखर पर चाहे जितनी ऊंचाइयों को छू ले, लेकिन उसकी अंतरात्मा हमेशा अपनी मातृभूमि की खुशबू और बचपन की गलियों के लिए लालायित रहती है। कुछ ऐसा ही भावुक और प्रेरणादायी नजारा बीते बुधवार (17 जून) की शाम को स्थानीय गांधी मैदान पर देखने को मिला। इटारसी की माटी में जन्मे, पले-बढ़े और भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन में डायरेक्टर के गरिमामयी पद से वर्ष 2015 में सेवानिवृत्त हुए प्रख्यात वैज्ञानिक विक्रम देसाई ने जब वीडियो कॉल के जरिए इटारसी के उभरते हुए हॉकी खिलाड़ियों से बात की, तो मैदान का हर कोना उनकी पुरानी यादों और आत्मीयता से महक उठा।

हाल ही में जापान में आयोजित अंडर-18 हॉकी प्रतियोगिता में इटारसी के प्रतिभावान खिलाड़ियों के भारतीय टीम में शामिल होने की खबर जैसे ही अहमदाबाद में रह रहे श्री देसाई तक पहुंची, अपनी जन्मभूमि के इन होनहारों की उपलब्धि पर उनका सीना गर्व से चौड़ा हो गया। वे खुद को रोक नहीं पाए और सीनियर हॉकी खिलाड़ी कन्हैया गुरयानी के प्रयासों से बुधवार शाम को गांधी मैदान पर अभ्यास कर रहे बच्चों से सीधे संवाद किया।



### 1977 में छूटा था शहर, आती है याद

विक्रम देसाई वर्ष 1971 के दौर में इटारसी के सूरजगंज क्षेत्र में रहते थे। वे पढ़ाई में जितने कुशाग्र थे, खेल के मैदान पर भी उतने ही चपल थे। वे न केवल बेहतरीन क्रिकेट खेलते थे, बल्कि हॉकी की स्टिक थामकर मैदान पर जादुई खेल भी दिखाते थे। वर्ष 1977 में उच्च शिक्षा के लिए वे इटारसी से अहमदाबाद चले गए, जहां से उनकी वैज्ञानिक यात्रा शुरू हुई और वे देश के शीर्ष अंतरिक्ष संगठन के डायरेक्टर बने। विज्ञान के शिखर पर बैठकर भी अपनी खेल की जमीन और पुराने दोस्तों को न भूलना यह सिखाता है कि जड़ें कितनी भी गहरी हों, पेड़ हमेशा अपनी मिट्टी से ही पोषण पाता है। इटारसी के इस गौरवशाली सपूत की यह पहल निश्चित रूप से गांधी मैदान के युवा खिलाड़ियों के भीतर एक नई ऊर्जा, नया संकल्प और देश के लिए कुछ कर गुजरने का जज्बा पैदा करेगी।

## नगर में खंड स्तरीय शांति समिति की बैठक संपन्न




हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

आगामी त्योहारों के शांतिपूर्ण, सौहार्दपूर्ण एवं व्यवस्थित आयोजन को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न समुदायों के प्रतिनिधियों एवं प्रशासनिक अधिकारियों ने सहभागिता करते हुए त्योहारों के दौरान सुरक्षा, यातायात, साफ-सफाई तथा अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं से संबंधित विषयों पर विस्तार से चर्चा की। बैठक के दौरान विभिन्न समुदायों द्वारा रखी गई मांगों एवं सुझावों पर विचार-विमर्श किया गया तथा आवश्यक निर्णय लिए गए। अधिकारियों द्वारा अखाड़ों के आयोजन एवं जुलूस मार्गों से संबंधित निर्धारित नियमों का पालन सुनिश्चित करने की अपील की गई।

बैठक में सिटी मजिस्ट्रेट देवेंद्र सिंह, एसडीओपी जितेंद्र पाठक, थाना प्रभारी गौरव सिंह बुंदेला, देहात थाना प्रभारी उषा मरावी सहित विभिन्न समाजों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

### पलिया पिपरिया स्थित माध्यमिक शाला में स्कूल के प्रयास

## प्रकृति की नींवः बच्चों के नन्हे हाथों ने संभाला पर्यावरण संरक्षण का ज़िम्मा, कलेक्टर के साथ मिलकर बनाई सैंकड़ों 'सीड बॉल'

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

जिले में पर्यावरण संरक्षण और हरित आवरण को बढ़ावा देने के लिए एक अनूठी और प्रेरणादायक तस्वीर सामने आई है। शुक्रवार को बनखेड़ी विकासखंड के ग्राम पलिया पिपरिया स्थित शासकीय माध्यमिक शाला में स्कूली और आंगनबाड़ी के नन्हे बच्चों ने अपने हाथों से 'प्रकृति की नींव' तैयार की। इस पुनीत कार्य में जिले के कलेक्टर सोमेश मिश्रा ने भी बच्चों के साथ जमीन पर बैठकर 'सीड बॉल' (बीज गेंद) का निर्माण किया। इस अवसर पर कलेक्टर ने बच्चों को पर्यावरण में वृक्षों के महत्व, उनकी उपयोगिता और उनके संरक्षण की आवश्यकता के बारे में विस्तार से समझाया।

कलेक्टर मिश्रा ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि पर्यावरण को बचाने और क्षेत्र को हरा-भरा करने की जिम्मेदारी देश के भविष्य यानी हमारे बच्चों पर भी निर्भर करती है। उन्होंने बच्चों




को ज्यादा से ज्यादा पौधे लगाने का संकल्प दिलाते हुए एक महत्वपूर्ण बात कही। ₹केवल पौधे लगाना ही हमारी जिम्मेदारी की इतिश्री नहीं है, बल्कि उनकी नियमित देखभाल कर उन्हें एक पूर्ण विकसित वृक्ष के रूप में तैयार करना हमारा सबसे बड़ा दायित्व है। उन्होंने यह भी कहा कि पर्यावरण संरक्षण हमारी जरूरत के साथ-साथ हमारा नैतिक कर्तव्य है। पृथ्वी को हरा-भरा बनाए रखने में हम सभी को अपनी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करनी होगी।

### अभियान की सराहना हुई

कार्यक्रम के दौरान कलेक्टर ने जिले में सफलतापूर्वक संचालित हो रहे नवांकुर अभियान की जमकर सराहना की। उन्होंने बताया कि इस अभियान के तहत बड़े पैमाने पर सीड बॉल का निर्माण किया जा रहा है। ये सीड बॉल भविष्य में अंकुरित होकर पौधों के विकास और जिले के हरित आवरण को बढ़ाने में एक मील का पत्थर साबित होंगी। इसे पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक बेहद प्रभावी और अभिनव पहल बताया गया। इस विशेष गतिविधि में बच्चों का उत्साह देखते ही बन रहा था। नन्हे-मुन्नों ने पूरी लगन के साथ सीड बॉल बनाईं और प्रकृति की रक्षा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता जाहिर की। कार्यक्रम में बच्चों का हौसला बढ़ाने के लिए जिपं सीईओ हिमांशु जैन भी उपस्थित रहे। उन्होंने भी जमीन पर बैठकर बच्चों के साथ सीड बॉल निर्माण में अपना सहयोग दिया।

## सीएमओ पटले को नर्मदापुरम हमेशा याद रखेगा : नपाध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम




मुख्य नगरपालिका अधिकारी हेमेश्वरी पटले का स्थानांतरण हो जाने के उपरांत एक निजी गार्डन में विदाई समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें नपाध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव, पार्षदगण, विधायक प्रतिनिधि महेंद्र यादव, एल्डरमेन सहित नगरपालिका के अधिकारी कर्मचारियों द्वारा पुष्पगुच्छ, स्मृति चिह्न देकर उनका सम्मान किया गया। विदाई समारोह कार्यक्रम को संबोधित करते हुए नपाध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव ने कहा कि सीएमओ पटले द्वारा नगर विकास में कंधा से कंधा मिलाकर कार्य किया गया। आपने शासन की योजनाएं आम नागरिक पहुंचाने के लिए कोई कोर कसर नहीं छोड़ी। नगर में ऐसी कई चुनौतीपूर्ण समस्याएं थीं जिनका आपने समाधान किया। उनके कार्यकाल में नगर विकास के अनेक कार्य किए गए। नपाध्यक्ष यादव ने कहा कि आपका कार्यकाल हमारी परिषद और नर्मदापुरम नगर हमेशा याद रखेगा।

## खबर संक्षेप

### साहू शाहपुर ब्लाक कांग्रेस प्रभारी नियुक्त

**भौंरा।** नगर के वरिष्ठ कांग्रेस कार्यकर्ता राकेश साहू को शाहपुर ब्लाक कांग्रेस कमेटी का प्रभारी नियुक्त किया गया है। जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष निलय डागा ने बूथ स्तर तक कांग्रेस को मजबूत करने के लिए जिले में 29 प्रभारियों की नियुक्ति की है जिसमें घोड़ाडोंगरी विधानसभा में शाहपुर ब्लाक के लिए राकेश साहू एवं भौंरा उपखंड ब्लाक का अंबिका मिश्रा को प्रभारी बनाया गया है। इस नियुक्ति पर शाहपुर ब्लाक कांग्रेस के अध्यक्ष पहलवान सिंह ठाकुर, भौरा उपखंड ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष रुपलाल यादवजिला कांग्रेस कमेटी के सचिव शिव कुमार मालवीय,दिनेश गोयल, गौ संवर्धन समिति के जिला अध्यक्ष ओमप्रकाश कवडक़र, मंडलम अध्यक्ष विवेक ठाकुर, संतोष सराटकर, गुड्डू गुप्ता सहित सभी कांग्रेस कार्यकर्त्ता एवं पदाधिकारियो ने नवनियुक्त पदाधिकारियो को बधाई देते हुए जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष निलय डागा का आभार व्यक्त किया है।

### बैतूल पीडब्ल्यूडी एसडीओ की सड़क हादसे में मौत

**बैतूल।** देवास जिले में शुक्रवार दोपहर बैतूल के पीडब्ल्यूडी एसडीओ दरयाव सिंह परमार की सडक़ हादसे में मौत हो गई। वे परिवार को लेने धार जा रहे थे। इसी दौरान उनकी बोलेरो अनियंत्रित होकर सडक़ किनारे बनी कांक्रीट की दीवार और लोहे के ढांचे से टकरा गई। हादसे में उनके सिर और सीने में गंभीर चोटें आईं। हादसे के बाद स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे। उनकी मदद से घायल दरयाव सिंह परमार को कन्नौद के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) पहुंचाया गया। जांच के बाद डॉक्टर्स ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। बता दे कि दरयाव सिंह परमार 2021 में देवास से स्थानांतरित होकर बैतूल आए थे। वे बैतूल के लोक निर्माण विभाग में एसडीओ के पद पर पदस्थ थे। सहकर्मियों और विभागीय कर्मचारियों ने घटना पर गहरा दुख व्यक्त किया है। पुलिस ने मामले में मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। शव का पोस्टमॉर्टम कन्नौद में कराया जाएगा। प्रक्रिया पूरी होने के बाद शव परिजन को सौंपेंगे।

### अज्ञात वाहन की टक्कर से दो की मौत, 1 घायल

**भौंरा।** नेशनल हाईवे-46 पर दांडीवाड़ा दावे के पास गुरुवार रात हुए सडक़ हादसे में दो लोगों की मौत हो गई, जबकि एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद क्षेत्र में शोक का माहौल है। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम हाड़ीपानी निवासी 55 वर्षीय सुखराम चौहान अपनी रिश्तेदार की पुत्री के ससुराल में आयोजित बारसे (नामकरण संस्कार) कार्यक्रम में शामिल होने गए थे। गुरुवार रात वह 3 वर्षीय सूर्यांश और 22 वर्षीय रितेश अखंडे के साथ मोटरसाइकिल से वापस अपने गांव लौट रहे थे। इसी दौरान रात करीब 8.30 बजे दांडीवाड़ा ढाबे के पास पीछे से तेज गति से आए एक अज्ञात वाहन ने उनकी मोटरसाइकिल को साइड से टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि तीनों सडक़ पर जा गिरे। हादसे में सुखराम चौहान और 4 वर्षीय सूर्यांश की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि मोटरसाइकिल चला रहा रितेश अखंडे गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना की सूचना मिलते ही डायल-112 मौके पर पहुंची और घायल रितेश को शाहपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। वहां प्राथमिक उपचार के बाद उसकी गंभीर हालत को देखते हुए जिला अस्पताल बैतूल रेफर कर दिया गया। दोनों मृतकों का पोस्टमार्टम कराया गया, जिसके बाद शव परिजनों को सौंपे।

### किसान से 60 हजार और मोबाइल की लूट

**बैतूल।** गुरुवार देर रात खेड़ी फॉरेस्ट बैरियर और शराब दुकान के समीप अज्ञात बदमाशों ने एक किसान को रोककर चाकू की नोक पर 60 हजार रुपये नकद और मोबाइल फोन लूट लिया। पीड़ित ने घटना की शिकायत पुलिस में की है। खेड़ी पुलिस मामले की जांच कर रही है। पुलिस से की शिकायत में पीड़ित भीमराव उइके निवासी चिचढाना ने बताया कि वह खाद के लिए टोकन बनवाने बैतूल गया था और रात करीब एक बजे गांव के ही सुमरत आदिवासी के साथ बाइक से वापस लौट रहे थे।

### सड़क और मोहल्लों में झुंड बनाकर घूम रहे कुत्ते, लोगों में भय

# कुत्तों का आतंक: 5 महीने में 1397 को काटा क्योंकि पूरे जिले में एक भी एबीसी सेंटर नहीं



**डॉग बाइक के मामले**

| माह | डॉग बाइट |
|---|---|
| जनवरी | 311 |
| फरवरी | 280 |
| मार्च | 275 |
| अप्रैल | 264 |
| मई | 267 |
| योग | 1397 |

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

शहर में आवारा कुत्तों की बढ़ती संख्या अब लोगों के लिए गंभीर परेशानी बनती जा रही है। स्थिति का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि इस वर्ष जनवरी से मई तक डॉग बाइट के 1397 मामले सामने आ चुके हैं, यानि औसतन हर दिन 8 से अधिक लोग कुत्तों के हमले का शिकार हो रहे हैं। ऐसा इसलिए भी क्योंकि जिले में एनिमल बर्थ कंट्रोल (एबीसी) सेंटर है ही नहीं। सिर्फ कागजी तैयारी चल रही है।

वर्तमान में नगर पालिकाएं आवारा कुत्तों को पकडक़र केवल नगरीय क्षेत्र से बाहर छोड़ देती है। वह भी तब जबकि वार्ड के लोग कोई शिकायत करते है। आवारा कुत्तों की नसबंदी नहीं होने से उनकी आबादी पर भ्ज्ञी नियंत्रण नहीं हो पा रहा है। ऐसे में सबसे अधिक खतरा छोटे बच्चों और बुजुर्गों पर बना हुआ है। कई इलाकों में सुबह और शाम के समय कुत्तों के झुंड सडक़ों पर कब्जा जमाए रहते हैं। इसके अलावा शहर में आवारा कुत्तों द्वारा राह चलते लोगों और बाइक सवारों पर अचानक झपटने की घटनाएं भी बढ़ रही हैं। कुत्तों से बचने की कोशिश में कई वाहन चालक संतुलन खोकर दुर्घटनाग्रस्त हो चुके हैं। शहरवासियों का कहना है कि नगरपालिका हर साल आवारा पशुओं और कुत्तों की समस्या के समाधान के दावे करती है, लेकिन धरातल पर कोई प्रभावी कार्रवाई नजर नहीं आती। वही नपा के सब इंजीनियर पंकज धुर्वे का कहना है कि एबीसी सेंटर के लिए प्रक्रिया चल रही है। पुरानी जगह पर ही एबीसी सेंटर खोला जायेगा।

#### जनवरी में सबसे ज्यादा डॉग बाइट के शिकार

पिछले पांच महीने में डॉग बाइट के मामले देखे जाये तो जनवरी में सबसे ज्यादा लोग डॉग बाइट के शिकार हुए है। जिला अस्पताल से मिली जानकारी के अनुसार जनवरी महीने में 311 मामले डॉग बाइट के सामने आये थे। इसके बाद फरवरी महीने में 280 लोगों डॉग बाइट के शिकार हुए। वहीं मार्च में 275, अप्रैल में 264 और मई माह में 267 लोग डॉग बाइक के शिकार हुए है। जिन्हें एंटी रैबिज के इंजैक्शन लगाये गये है। जिला चिकित्सालय के सिविल सर्जन डॉ. जगदीश घोरे का कहना है कि कुत्ते के काटने पर एंटी रैबीज के इंजेक्शन लगवाना पड़ता है। जिला अस्पताल में यह टीका निःशुल्क लगाया जाता है। जानकार बताते है कि आवारा कुत्तों में रैबिज का खतरा अधिक रहता है। ऐसे कुत्ते यदि किसी इंसान को काट ले और उसका समय पर इलाज न कराया जाये तो यह जानलेवा भी साबित हो सकता है।

शहर में कुत्तों की तेजी से संख्या बढ़ रही है। विश्वसनीय सूत्रों के अनुमान के मुताबिक शहर में आवारा कुत्तों की संख्या एक हजार से अधिक होने का अनुमान है। पिछले कुछ समय में कुत्तों की संख्या में लगातार इजाफा हुआ है, जिसकी मुख्य वजह नपा द्वारा कुत्तों की संख्या पर नियंत्रण नहीं किया जाना बताया जा रहा है। नगरपालिका के पास शहर में आवारा कुत्तों का कोई आंकड़ा नहीं है। लोगों की माने तो हरेक वार्ड में 25 से 35 औसत कुत्ते हो सकते हैं। जिस पर किसी का नियंत्रण नहीं है और यह सीजन दर सीजन बढ़ते ही जा रहे हैं। लोगों ने बताया कि कुत्ते झुंड सडक पर घूमते हैं। पैदल चलने वालों पर झुंड में हमला कर देते हैं। इससे लोगों को खतरा बना हुआ है।

#### आवारा कुत्तों से छोटे बच्चों के लिए बड़ा खतरा

छोटे बच्चों के लिए आवारा कुत्ते ज्यादा बड़ा खतरा हैं। कुत्तों के लिए छोटे बच्चे आसान शिकार होते हैं। पिछले दिनों कई क्षेत्र से आवारा कुत्तों द्वारा छोटे बच्चों को काट लेने की खबरें आई। इधर कुछ पशुपालक भी कुत्तों को जरूर पालते है, लेकिन उन्हें समय पर टीका नहीं लगाते है या लापरवाही करते है। इस तरह की लापरवाही न सिर्फ अन्य लोगों के लिए घातक साबित होती है, बल्कि पालतू पशुओं, कुत्तों के लिए भी घातक है।

जानकार बताते है कि यदि कुत्तों को समय-समय पर वैक्सीन लगाया जाये और इसके बाद कुत्ते किसी को काटते भी है तो रैबिज का खतरा कम रहता है। इसलिए पशुपालक को समय-समय पर टीका लगवाना चाहिए, अन्यथा पालतू कुत्तों को काटने की घटना के बाद पीड़ित इसकी शिकायत या मामला भी दर्ज होने से कुत्ता पालकों को लंबे समय तक परेशानी उठानी पड़ सकती है।

#### डॉग बाइट के बाद क्या करें

विशेषज्ञों के अनुसार कुत्ते या अन्य जानवर के काटने के बाद घाव को तुरंत साबुन और साफ पानी से अच्छी तरह धोना चाहिए। इसके बाद बिना देरी किए अस्पताल पहुंचकर एंटी रैबीज वैक्सीन लगवाना जरूरी है। आदर्श रूप से पहला डोज 24 घंटे के भीतर लग जाना चाहिए। डॉग बाइट के मामलों में चार डोज लगाए जाते हैं। पहला डोज घटना के दिन, दूसरा तीसरे दिन, तीसरा सातवें दिन और चौथा 28वें दिन लगाया जाता है। गंभीर मामलों में इम्युनोग्लोबिन इंजेक्शन भी लगाया जाता है, जो संक्रमण के खतरे को तेजी से कम करता है। जिला अस्पताल के सिविल सर्जन डॉ. जगदीश घोरे का कहना है कि जनवरी से मई तक डॉग बाइट के 1397 मरीजों को एंटी रैबीज वैक्सीन लगाई गई है। जिला अस्पताल में 24 घंटे वैक्सीन और उपचार की सुविधा उपलब्ध है।

#### इनका कहना है

आवारा कुत्तों की नसबंदी करने के लिए छह बार टैंडर निकाले जा चुके है। लेकिन एक भी ठेकेदार सामने नहीं आया। यदि कहीं से शिकायत आती है तो कर्मचारियों द्वारा कुत्ते को पकडक़र नगरीय क्षेत्र से बाहर छोड़ देते है। एबीसी सेंटर खोले जाने के संबंध में इंजीनियर साहब ही कुछ बता पायेगे।

**- संतोष धनेलिया,**
स्वच्छता प्रभारी, नगरपालिका बैतूल

एनिमल बर्थ कंट्रोल (एबीसी) सेंटर पहले था, इसे बंद कर दिया था, अब पुरानी जगह ही एबीसी सेंटर खोले जाने की प्रक्रिया चल रही है।

**- पंकज धुर्वे,**
सब इंजीनियर, नगरपालिका बैतूल

### फीस और आर्थिक मदद

## 59 बेसहारा बच्चों का सहारा बने हेमंत खंडेलवाल



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

हरदा क्षेत्र के पूर्व सांसद स्वर्गीय विजय कुमार खंडेलवाल की स्मृति में संचालित विजय सेवा न्यास के माध्यम से 41 परिवारों के 59 बेसहारा बच्चों के जीवन में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं बैतूल विधायक हेमंत खंडेलवाल सहारा बनकर सामने आए हैं। उनके द्वारा इन बच्चों की शिक्षा, परवरिश और बेहतर भविष्य की जिम्मेदारी उठाई जा रही है। शुक्रवार 19 जून को रामकृष्ण बगिया में आयोजित कार्यक्रम में विजय सेवा न्यास द्वारा गोद लिए गए 59 बच्चों की स्कूल फीस के चेक संबंधित विद्यालयों के प्राचार्यों को सौंपे गए। साथ ही प्रत्येक बच्चे को शैक्षणिक सामग्री के लिए दो हजार रुपए तथा उनके पालकों एवं परिजनों को 20 हजार रुपए की आर्थिक सहायता अलग से प्रदान की गई। यंहा उल्लेखनीय है कि विजय सेवा न्यास के बेसहारा को सहारा प्रकल्प के तहत उन बच्चों को संरक्षण दिया जा रहा है। जिन्होंने जीवन के शुरुआती दौर में ही अपने माता-पिता या अभिभावकों को खो दिया है। इन बच्चों को केवल आर्थिक सहायता ही नहीं, बल्कि परिवार के सदस्य की तरह शिक्षा, मार्गदर्शन और सुरक्षित भविष्य का भरोसा भी दिया जा रहा है। वर्ष 2025 में 41 बच्चों के साथ शुरू हुआ यह अभियान एक वर्ष में बढकर 59 बच्चों तक पहुंच गया है।

**इन स्कूलों में करवाया प्रवेश:** हेमंत खंडेलवाल ने बच्चों और उनके पालकों की सहमति तथा सुविधा को ध्यान में रखते हुए निजी एवं शासकीय विद्यालयों में बच्चों को प्रवेश दिलवाया है। विजय सेवा न्यास उनकी शिक्षा का पूरा खर्च वहन कर रहा है। एसडीएम हायर सेकेंडरी स्कूल शोभापुर, मानसरोवर स्कूल, विद्या संस्कार स्कूल, विद्यार्थी पब्लिक स्कूल, आरडी पब्लिक स्कूल, अग्रसेन महाराज स्कूल सहित विभिन्न शिक्षण संस्थानों में बच्चों का प्रवेश कराया गया है, जबकि अन्य बच्चों को शासकीय विद्यालयों में दाखिला दिलाया गया है।

#### बच्चे को परिस्थितियों के कारण शिक्षा से वंचित नहीं होना पड़े: हेमंत

इस अवसर पर भाजपा प्रदेशाध्यक्ष व विधायक हेमंत खंडेलवाल ने कहा कि किसी भी बच्चे को परिस्थितियों के कारण शिक्षा से वंचित नहीं होना पड़े। उनका प्रयास है कि इन बच्चों को केवल सहायता ही नहीं, बल्कि आत्मनिर्भर और सम्मानजनक जीवन का अवसर भी मिले। इसी सोच के तहत बच्चों की परवरिश कर रहे परिजनों को रोजगार से जोडने के प्रयास भी किए जा रहे हैं।

#### कार्यक्रम में यह रहे मौजूद

कार्यक्रम में केंद्रीय राज्यमंत्री दुर्गादास उइके, आमला विधायक डॉ. योगेश पंडाग्रे, मुलताई विधायक चंद्रशेखर देशमुख, भैंसदेही विधायक महेंद्र सिंह चौहान और भाजपा जिलाध्यक्ष सुधाकर पवार सहित अन्य जनप्रतिनिधियों ने विजय सेवा न्यास के सेवा कार्यों की सराहना की। वक्ताओं ने कहा कि स्व. विजय कुमार खंडेलवाल के मानव सेवा ही माधव सेवा है के विचारों को उनका परिवार सेवा अभियान के रूप में आगे बढ़ा रहा है।

## 23 अगस्त 2010 से पूर्व हुई नियुक्ति को टीईटी से मुक्त किया जाए, ज्ञापन सौंपा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

मप्र शिक्षक संघ ने प्रधानमंत्री, केन्द्रीय शिक्षा मंत्री, मुख्यमंत्री, प्रदेश स्कूल शिक्षा मंत्री के नाम से 23 अगस्त 2010 को एनसीटीई द्वारा जारी टीईटी संबंधी अधिसूचना तथा माननीय सर्वोच्च न्यायालय के 29 मई 2026 के निर्णय के परिप्रेक्ष्य में वर्ष 2010 से पूर्व नियुक्त शिक्षकों को विधायी एवं नीतिगत संरक्षण प्रदान किए जाने की मांग को लेकर कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा।

इस संबंध में संघ के जिला अध्यक्ष दिलीप गीते ने बताया कि देशभर के लाखों शिक्षकों में वर्तमान समय में गहरी चिंता, पीड़ा एवं असुरक्षा की भावना व्याप्त है। इसका कारण 23 अगस्त 2010 को राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद द्वारा जारी टीईटी संबंधी अधिसूचना तथा उसके संदर्भ में सर्वोच्च न्यायालय द्वारा दिनांक 29 मई 2026 को दिए गए निर्णय से उत्पन्न परिस्थितियाँ हैं, जिनके कारण वर्ष 2010 से पूर्व नियुक्त शिक्षकों के सेवा अधिकार एवं भविष्य पर प्रतिकूल प्रभाव पडऩे की आशंका व्यक्त की जा रही है। जिला सचिव मदन यादव



ने कहा कि संघ की मांग है कि 23 अगस्त 2010 से पूर्व नियुक्त सभी शिक्षकों को टीईटी की अनिवार्यता से स्थायी रूप से मुक्त किया जाए, ऐसे शिक्षकों की सेवा, वरिष्ठता, पदोन्नति एवं अन्य सेवा लाभों का पूर्ण संरक्षण प्रदान किया जाए।

आवश्यकता होने पर संसद में उपयुक्त विधायी संशोधन अथवा विशेष प्रावधान लाकर इस वर्ग को स्थायी राहत प्रदान की जाए, सभी राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों को स्पष्ट दिशा-निर्देश जारी कर शिक्षकों में व्याप्त असमंजस एवं असुरक्षा की स्थिति का तत्काल निराकरण किया जाए।

### 50 लाख की लागत से सीसी तथा भव्य सत्संग हॉल का कराया जाएगा निर्माण

## विधायक ने सीसी रोड और सत्संग हॉल की घोषणा की

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

अधिक मास के पावन अवसर पर रानीपुर आश्रम की आध्यात्मिक धरा को विकास की बड़ी सौगात मिली है। घोड़ाडोंगरी विधानसभा क्षेत्र की विधायक श्रीमती गंगाबाई उइके ने मुख्यमंत्री विशेष निधि से कुल 50 लाख रुपए की लागत के दो महत्वपूर्ण विकास कार्यों की घोषणा करते हुए मानव विज्ञान अनुसंधान केंद्र स्थित माधव गौशाला परिसर और पूज्य निक्कू दास बाबा की तपस्थली को नई पहचान देने की पहल की है।

श्रद्धालुओं की बढ़ती संख्या और क्षेत्र में लगातार बढ़ रही आस्था को देखते हुए 25 लाख रुपए की लागत से सीसी सडक़ तथा 25 लाख रुपए की लागत से भव्य सत्संग हॉल का



निर्माण कराया जाएगा। विधायक गंगाबाई उइके अद्वैत पंचायती नया उदासी अखाड़ा, श्री श्री 1008 निक्कुदास जी महाराज तपस्थली, श्री हनुमान जी महाराज सिद्धकुटी एवं माधव गौशाला परिसर में आयोजित देव प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव, श्री रामचरितमानस महायज्ञ और अखंड श्री सीताराम नाम संकीर्तन समारोह में शामिल होने पहुंचीं। उन्होंने यज्ञ भगवान के दर्शन-पूजन कर यज्ञशाला की परिक्रमा की तथा अखंड श्री सीताराम नाम संकीर्तन में सहभागिता करते हुए अखंड धूने के दर्शन कर उपस्थित संत-महात्माओं का आशीर्वाद प्राप्त किया। इस दौरान विधायक ने आश्रम में माहभर से चल रहे धार्मिक एवं आध्यात्मिक आयोजनों की सराहना करते हुए कहा कि रानीपुर आश्रम सनातन संस्कृति, जीवंत गौसेवा, आध्यात्मिक जागरण और सामाजिक समरसता का सशक्त केंद्र बन चुका है। उन्होंने कहा कि मानव विज्ञान अनुसंधान केंद्र तक श्रद्धालुओं की सुगम आवाजाही सुनिश्चित करने के लिए मुख्यमंत्री विशेष निधि से 25 लाख रुपए की लागत से सीसी सडक़ का निर्माण कराया जाएगा। वहीं श्रद्धालुओं के बैठने, धार्मिक आयोजनों तथा सांस्कृतिक एवं आध्यात्मिक विमर्श के लिए 25 लाख रुपए की लागत से आधुनिक सुविधाओं से युक्त भव्य सत्संग हॉल का निर्माण भी कराया जाएगा। विधायक ने कहा कि रानीपुर आश्रम में लगातार श्रद्धालुओं की संख्या बढ़ रही है, आधारभूत सुविधाओं का विस्तार करना उनकी प्राथमिकता है, ताकि श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध हो सकें।

### किसान मोर्चा की कार्यशाला

## समृद्ध भारत के लिए जैविक और प्राकृतिक खेती जरूरी: खंडेलवाल




हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

12 साल विश्वास के, विकास के और जनकल्याण के अभियान के तहत भाजपा किसान मोर्चा द्वारा प्राकृतिक खेती से जुडी कार्यशाला कृषि विभाग के सहयोग से बैतूलबाजार कृषि विज्ञान केन्द्र में संपन्न हुई। कार्यशाला को संबोधित करते हुए भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक हेमंत खंडेलवाल ने कहा कि जैविक और प्राकृतिक खेती से सिर्फ किसान ही समृद्व नही होगें बल्कि पूरा देश भी समृद्व होगा।

प्राकृतिक और जैविक खेती से किसानो की लागत 40 प्रतिशत तक कम होगी। जिससे देश की जी.डी.पी बढेगी जो आत्म निर्भर भारत से विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने में मील का पत्थर साबित होगी। प्राकृतिक और जैविक खेती में हमारा जिला पूरे प्रदेश में अव्वल रहे ऐसे प्रयास हम सबको मिलकर करने होगें। कार्यशाला को संबोधित करते हुए केन्द्रीय मंत्री दुर्गादास उइके ने कहा कि प्राकृतिक खेती से जैविक उत्पादो का निर्यात बढेगा जिससे किसान आर्थिक रूप से सक्षम होगा। कम पानी और कम लागत से खेती होगी। जलवायु संकट से भी इस पद्वति से हम बच सकते है। प्राकृतिक और जैविक खेती से उत्पन्न अनाज जहर रहित होगा। जो स्वस्थ्य भारत और सशक्त भारत के लिए आज जरूरत है । कार्यशाला को संबोधित करते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष सुधाकर पंवार ने कहा कि प्राकृतिक एवं जैविक खेती हमारे पूर्वजो की एक अमूल्य विरासत है।

### अस्पताल में जागरुकता, परामर्श व स्वास्थ्य परीक्षण शिविर संपन्न

## सिकल सेल एनीमिया जांच मशीन देने की घोषणा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

विश्व सिकल सेल एनीमिया दिवस के अवसर पर जिला चिकित्सालय बैतूल में शुक्रवार को सिकल सेल एनीमिया के प्रति जनजागरूकता बढ़ाने, रोगियों को परामर्श प्रदान करने तथा स्वास्थ्य परीक्षण के लिए विशेष शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य सिकल सेल एनीमिया के उन्मूलन हेतु जनभागीदारी को बढ़ावा देना तथा नागरिकों को समय पर जांच एवं उपचार के प्रति जागरूक करना था। कार्यक्रम में केन्द्रीय मंत्री दुर्गादास उइके, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं बैतूल विधायक हेमंत खंडेलवाल, आमला विधायक डॉ. योगेश पंडाग्रे, मुलताई विधायक चंद्रशेखर देशमुख, जिला विकास सलाहकार समिति सदस्य सुधाकर पवार सहित अन्य जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों ने सहभागिता की।

अतिथियों ने सिकल सेल एनीमिया उन्मूलन के लिए जिले में संचालित गतिविधियों की जानकारी प्राप्त की तथा उपस्थित नागरिकों को जागरूकता का संदेश दिया। कार्यक्रम के दौरान डॉ. अंकिता सीते द्वारा बैतूल जिले में संचालित सिकल सेल नियंत्रण एवं उन्मूलन कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी प्रस्तुत की गई। उन्होंने जिले में अब




तक किए गए स्क्रीनिंग कार्य, रोगी पहचान, फॉलोअप व्यवस्था, उपचार सेवाओं तथा जनजागरूकता गतिविधियों की उपलब्धियों से अतिथियों को अवगत कराया। इस अवसर पर सिकल सेल की त्वरित एवं सटीक जांच में उपयोगी गैज़ेल मशीन का प्रदर्शन किया गया। अतिथियों ने मशीन की कार्यप्रणाली का अवलोकन कर इसकी उपयोगिता की सराहना की। विधायक हेमंत खंडेलवाल एवं डॉ. योगेश पंडाग्रे ने अपने-अपने विधानसभा क्षेत्रों में सिकल सेल जांच सुविधाओं को और सुदृढ़ करने के उद्देश्य से विधायक निधि के माध्यम से गैजेल मशीन उपलब्ध कराने के लिए सकारात्मक सहयोग का आश्वासन दिया। शिविर के दौरान 61 सिकल सेल रोगी फॉलोअप एवं स्वास्थ्य परीक्षण के लिए उपस्थित हुए, जिन्हें विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा परामर्श, आवश्यक जांच एवं उपचार संबंधी मार्गदर्शन प्रदान किया। रोगियों को नियमित स्वास्थ्य परीक्षण, दवा सेवन, टीकाकरण तथा जटिलताओं की रोकथाम की जानकारी दी गई।

सिकल सेल उन्मूलन अभियान में युवाओं एवं समाज की भागीदारी बढ़ाने के उद्देश्य से 5 सिकल मित्र नामित किए गए। साथ ही कार्यक्रम में उपस्थित एनसीसी कैडेट्स को भी सिकल मित्र के रूप में जोड़ते हुए अपने-अपने क्षेत्रों में सिकल सेल जागरूकता, स्क्रीनिंग तथा विवाह पूर्व सिकल सेल कार्ड मिलान के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया गया।

### सिकल मित्र बने उत्कृष्ट विद्यालय के एनसीसी कैडेट्स

**बैतूल।** विश्व सिकल सेल दिवस पर स्वास्थ्य विभाग बैतूल द्वारा राष्ट्रीय सिकल सेल एनीमिया उन्मूलन मिशन 2047 के तहत आयोजित जागरूकता शिविर में उत्कृष्ट विद्यालय के एनसीसी कैडेटस भी सम्मिलित हुए। सिकल सेल के इस फॉलोअप शिविर में मुख्य अतिथि भारत सरकार के केन्द्रीय राज्य मंत्री डीडी उइके, विशेष अतिथि के रूप में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष विधायक हेमन्त खंडेलवाल, आमला विधायक डॉ योगेश पंडाग्रे, मुलताई विधायक चंद्रशेखर देशमुख, रेडक्रॉस सोसाइटी के डॉ अरुण जयसिंगपुरे उपस्थित हुए। कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों ने एनसीसी कैडेट्स को सिकल मित्र बनने पर बैच लगाकर व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। सिकल सेल उन्मूलन मिशन की नोडल अधिकारी डॉ अंकिता सीते ने एनसीसी कैडेट्स को सिकल मित्र का महत्व, दायित्व एवं जागरूकता मिशन में सहयोगी बनने से अवगत कराया। उपस्थित कैडेट्स में से स्वेच्छिक व दक्षता के आधार पर कैडेट उत्कृष बारस्कर, कैडेट आदित्य खंडागरे, कैडेट सुजय चौधरी, कैडेट आरव छवनकर और कैडेट चेतन बड़घरे सिकल मित्र बने। एनसीसी अधिकारी लेफ्टि. ओम द्विवेदी ने बताया कि 13 मप्र बटालियन एनसीसी नर्मदापुरम के कमांडिंग ऑफिसर कर्नल एस पी सिंह के निर्देशानुसार तथा संस्था प्राचार्य सत्येंद्र उदयपुरे ने मार्गदर्शन दिया।

## खबर संक्षेप



### शासकीय सड़कों को पहुंचाई जा रही क्षति

**नर्मदापुरम।** सोहागपुर शहर में नगर परिषद द्वारा कई अंदरूनी मार्ग बनाए गए हैं। इन मार्गों पर नागरिकों द्वारा मनमाने ढंग से या तो स्वयं ब्रेकर बनाए जा रहे हैं, या फिर नप द्वारा बनाए गए ब्रेकर्स तोड़े जा रहे हैं। लोगों की मनमानी के कारण शासकीय सड़कों को क्षति पहुंच रही है। गौतम वार्ड में भी एक सड़क के ब्रेकर का किनारा को पानी की निकासी के लिये तोड़ा गया है।

### दिव्यांगों को बस किराए में 50 प्रतिशत छूट

**सीहोर।** राज्य शासन ने प्रदेश की सभी प्रक्रम बस सेवाओं में दिव्यांग व्यक्तियों को 50 प्रतिशत छूट देने के निर्देश दिये हैं। दिव्यांग व्यक्ति को यूडीआईडी कार्ड दिखाने पर यह छूट मिल जायेगी।परिवहन आयुक्त द्वारा सभी क्षेत्रीय, अतिरिक्त क्षेत्रीय एवं जिला परिवहन अधिकारी को निर्देश दिये गये हैं। दिव्यांग व्यक्ति को दिव्यांगजन सक्षम प्राधिकारी के प्रमाण-पत्र के रूप में केन्द्र या राज्य शासन द्वारा जारी यूनीक डिसऐबिलिटीज आई.डी. कार्ड प्रस्तुत करने पर किराये में 50 प्रतिशत छूट का लाभ दें।केन्द्रीय दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग द्वारा यूनीक आई.डी. फॉर पर्सन विद डिसऐबिलिटीज (यूडीआईडी) प्रोजेक्ट चलाया जा रहा है।

### अमृत हरित अभियान अंतर्गत सोहागपुर नगर परिषद द्वारा किया जा रहा नवाचार

# घर लगे पौधों का 'दान' लेकर सुरक्षित स्थानों पर लगाएगी नगर परिषद

**सोहागपुर नगर परिषद ने एक नवाचार किया है। जिसके अंतर्गत नागरिक अपने घर के आंगन अथवा गमले में लगे किसी पौधे को नगर परिषद को दान कर सकेंगे। जिसे नपा सुरक्षित स्थल पर लगाएगी।**

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

मध्य प्रदेश सरकार के अमृत हरित अभियानांतर्गत सोहागपुर नगर परिषद ने एक नवाचार किया है। जिसके अंतर्गत नागरिक अपने घर के आंगन अथवा गमले में लगे किसी पौधे को नगर परिषद को दान कर सकेंगे। दान किये गए इस पौधे को नगर परिषद सुरक्षित स्थल पर लगाएगी।

हरिभूमि ने मामले में नगर परिषद सीएमओ धर्मेंद्र शर्मा व स्वच्छता शाखा समन्वयक नीरज मलैया से चर्चा की। दोनों ने बताया कि विश्व पर्यावरण दिवस पांच जून 2026 से यह अभियान प्रारंभ किया गया है। जिसका पर्याप्त प्रचार प्रसार फ्लेक्स के माध्यम से तथा सोशल मीडिया पर फ्लेक्स पोस्ट कर प्रसार किया जा रहा है। स्वच्छता शाखा समन्वयक नीरज मलैया ने बताया कि




कई बार नागरिकों के घरों के आंगन, क्यारी या गमलों में नीम, बरगद, पीपल, आम जैसी उपयैगी प्रजातियों के पौधे ऊग जाते हैं।

### एक पेड मां के नाम समर्पित

सोहागपुर नप सीएमओ धर्मेंद्र शर्मा तथा स्वच्छता समन्वयक नीरज मलैया ने बताया कि यह कार्यक्रम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा शुरू किये गए 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान को समर्पित है। जिसके अंतर्गत अमृत हरित अभियान को भी जोड़ा गया है। नीरज मलैया ने बताया कि अमृत हरित अभियान मप्र सरकार का अभिनव प्रयोग है। जिसके द्वारा पौधारोपण को अति महत्व दिया जा रहा है। इसमें नगर परिषद के द्वारा भी सघन पौधारोपण अभियान बरसात में प्रारंभ किया जाएगा। वहीं आम नागरिकों के घरों में लगे अथवा सामान्य रूप से ऊगे हुए पौधों को नगर परिषद दान में लेकर उन्हें सुरक्षित स्थल पर रोपेगी तथा संरक्षित करेगी। पर्यावरण प्रेमियों ने सोहागपुर नगर परिषद के अभिनव प्रयोग की प्रशंसा की है तथा नवाचार के लिए सीएमओ धर्मेंद्र शर्मा की प्रशंसा की है।

### नप का लक्ष्य

उल्लेखनीय है कि नप सोहागपुर ने अमृत हरित अभियान में वृहद स्तर पर पौधरोपण का लक्ष्य लिया है। नप कार्यालय से प्राप्त जानकारी अनुसार संचालनालय नगरीय प्रशासन एवं विकास मप्र भोपाल के पत्र क्रमांक/या.प्र./7/2025/अमृत हरित/3894 भोपाल दिनांक 12 मार्च 2026 के प्राप्त निर्देशानुसार सोहागपुर नगर में अमृत हरित महाअभियान 2026 संचालित किया जाऐगा। अभियान अंतर्गत सोहागपुर नप को 15,385 पौधों के रोपण व संरक्षण का लक्ष्य दिया गया है। नप सीएमओ धर्मेंद्र शर्मा के कार्यालय से प्राप्त जानकारी अनुसार अभियान में ये पौधे नवीन ट्रैंचिंग ग्राउण्ड, रामगंज शमशान घाट, जमनी शमशान घाट, स्टेशन रोड डिवाईडर, नवीन पार्क शोभापुर रोड, जयमल सिंह कालोनी पार्क, बालक छात्राबास परिसर, पलकमती नदी किनारे, तिलक वार्ड गांधी शाला स्कूल परिसर, इन्द्रिरा वार्ड शमशान घाट, इन्द्रिरा वार्ड पानी के टंकी के पास, रघुवंशीपुरा वार्ड पार्क, नर्मदा जल फिल्टर प्लांट परिसर तथा कोर्ट चौराहा पार्क में रोपे जाऐंगे।

### सूना डिवाइडर बेहतर विकल्प

पर्यावरण प्रेमियों का कहना है कि सोहागपुर-रेवा बनखेड़ी रोड पर करीब 700 मीटर लंबा डिवाइडर बना है। डिवाइडर नई तहसील कार्यालय से जमनी मुक्तिधाम के



समीप तक बना हुआ है। पूरा डिवाइडर खाली है तथा इसमें मिट्टी डली हुई है। डिवाइडर में नागरिकों द्वारा दिए जाने वाले पौधों का आसानी से रोपण किया जा सकता है। वहीं नगर परिषद भी अमृत हरित अभियान के अंतर्गत उक्त डिवाइडर में सुंदर पौधों का रोपण कर सकती है।

**संरक्षण करेंगे...**

नागरिक अपने घरों में सामान्य रूप से ऊगे पौधे हमें दे सकते हैं। हम पौधों को उचित स्थल पर रोपकर उनका संरक्षण करेंगे।

**नीरज मलैया, स्वच्छता समन्वयक, नप सोहागपुर।**

## पेट्रोल डीजल विक्रय-सप्लाई में बाधा, परेशान किसान



हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

सोहागपुर नगर में चार पेट्रोल पंप स्थित हैं, जहां पेट्रोल तथा डीजल की सप्लाई बाधित है। एवं अति आवश्यकता के इस समय में पेट्रोल पंप पर विवादों की संभावनाएं बढ़ती जा रही हैं। लेकिन सूचना के बाद भी पुलिस व प्रशासन द्वारा ध्यान नहीं दिया जा रहा है।

गुरुवार रात लगभग नौ बजे नर्मदापुरम मार्ग पर शंकर मंदिर के समीप के एक पेट्रोल पंप पर डीजल सप्लाई शुरू हुई। डीजल टैंकर आने की सूचना नागरिकों को गुरुवार दोपहर में ही मिल चुकी थी, जिसके चलते क्षेत्रीय किसान एवं आम नागरिक दो घंटे पहले ही वाहन अथवा कुप्पियां लेकर पेट्रोल पंप पहुंच चुके थे। जैसे ही डीजल सप्लाई शुरू हुई वैसे ही घंटों से लाइन में लगे लोगों का धैर्य जवाब देने लगा। तथा सभी अपनी अपनी कुप्पियां अथवा वाहन में पहले डीजल लेना चाह रहे थे। जिसके चलते विवाद की स्थिति बनी। इस दौरान मौके पर उपस्थित हरिभूमि प्रतिनिधि ने चार बार पुलिस के मैदानी कर्मचारियों सहित एएसआई व उच्च अधिकारी तक को सूचना दी कि विवाद हो सकता है, अतः मामला संभालने एक खाकी वर्दीधारी को पेट्रोल पंपों पर पहुंचाया जाए। लेकिन किसी ने भी इस परामर्श पर ध्यान नहीं दिया और 10:15 बजे तक पुलिस का कोई भी कर्मचारी संबंधित पेट्रोल पंप पर नहीं पहुंचा। इस बीच बार-बार विवाद के हालात बनते ही रहे। पेट्रोल पंप मालिक ने भी डायल 112 पर सूचना दी, लेकिन 20 मिनट बाद तक वाहन नहीं पहुंचा तथा बड़ी मुश्किल से हालात संभले। इस दौरान पेट्रोल पंप कर्मचारी भी भयभीत होकर कार्य करते नजर आए। उल्लेखनीय है कि गत दिनों एसडीएम प्रियंका भलावी ने पेट्रोल पंप संचालकों की बैठक की थी। जिसमें उन्होंने स्पष्ट कहा था कि ईंधन सप्लाई दौरान लॉ एंड ऑर्डर व्यवस्थित रखने के लिए पुलिसकर्मी दिए जाएंगे। लेकिन ऐसा नहीं हो रहा है। पेट्रोल पंप संचालकों का कहना है कि पुलिस की ओर से कोई सहयोग नहीं मिल रहा है।

## आवश्यकता से अधिक ले जा रहे हैं किसान डीजल इसलिए परेशानी उठानी पड़ रही

**पिपरिया ।** जनपद पंचायत क्षेत्र सहित नगर पालिका परिषद क्षेत्र में लगातार सभी पेट्रोल पंप पर डीजल खत्म होने की समस्या बढ़ती जा रही है। सुबह 4बजे से ही



किसानों ने टेकटर आटो सहित कुप्पा भी लगातार लाईन में लगकर खड़े होकर डीजल ले जा रहे हैं। लेकिन खपत अधिक होने से किसानों को फसल लगाने के लिए लेना पड़ रहा है। अब तक कोई भी किसान हर कहीं वगैर अनुमति के मुख्य मार्ग पर जाम लगा दिया गया था। इसलिए प्रसाशन भी परेशान हैं।हर पंपों पर डीजल खत्म हकी जानकारी दी जा रही है।भारत पेट्रोलियम के संचालक सब्बीर भाई ने बताया कि प्रतिदिन सुबह से ही लाइन लगी है। जबकि दिनांक 18/6/26से लेकर 19/6/26/तक लगातार 3टेंकर आ चुके है। सभी लोगों को उनकी मांग के अनुरूप ही दिया गया है।19को फिर गाड़ी आ रही है। सभी को डीजल दिया गया है। किसानों ने आवश्यकता से अधिक लेकर रखने के कारण भी परेशान हो रहे हैं। अधिकारी राजस्व आकिप खान तहसीलदार वैभव बैरागी सहित अन्य सभी अधिकारी सिर्फ आसवासदे रहे हैं। किसानों के अलावा अन्य सभी लोगों को दिया जा रहा है।

## आम नागरिक हो रहे परेशान : रोजाना हो रहे बिजली लाइन में दर्जनों फाल्ट, बिजली गुल

### मेंटेनेंस की खुल रही पोल, आमजनों में रोष

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

सोहागपुर क्षेत्र में बिजली कंपनी द्वारा किए जाने वाले मेंटेनेंस की पोल रोजाना हो रहे लाइन फाल्ट के कारण खुल रही है। पिछले एक पखवाड़े में ऐसा कोई भी दिन नहीं बीता जब किसी भी दिन एक भी फॉल्ट शहरी क्षेत्र में नहीं हुआ हो।

### बार बार होती ट्रिपिंग

नागरिकों के अनुसार बिजली कंपनी द्वारा प्रतिदिन दर्जनों बार फाल्ट के कारण वितरण ट्रिपिंग की सूचना सोशल मीडिया के माध्यम से जनता में प्रसारित की जाती है। नागरिकों का कहना है कि वर्षभर बिजली कंपनी द्वारा लाइन मेंटेनेंस



का कार्य किया जाता है। खासकर मानसून आने के पूर्व वृहद स्तर पर मेंटेनेंस का दिखावा किया जाता है। लेकिन मेंटेनेंस के नाम पर की जाने वाली लापरवाही की पोल रोजाना हो रहे फाल्ट के कारण खुल रही है। शुक्रवार को भी सुबह से ही शहरी क्षेत्र में बार-बार फाल्ट की स्थिति बनी।

### बार बार होती गुल बिजली

जिसके कारण बार-बार बिजली वितरण बंद किया गया। नागरिकों ने इस अव्यवस्था पर रोष जताया है एवं बिजली कंपनी से अपेक्षा की है कि एक बार सही ढंग से मेंटेनेंस कर फॉल्ट दूर किये जाएं, आमजनों का कहना है कि बिजली विभाग शीर्घ ही फीडर सेपरेशन प्रक्रिया को पूर्ण किया जाए, ताकि फॉल्ट खोजने में अधिक समय ना लगे।

## सिवनी मालवा के अल्फ़ैज खान बने चार्टर्ड अकाउंटेंट परिवार की दूसरी बड़ी उपलब्धि से क्षेत्र में हर्ष का माहौल

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनीमालवा

नगर के लिए यह गर्व और खुशी का अवसर है कि सिवनी मालवा निवासी अल्फ़ैज खान ने द इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया (आईसीएआई) द्वारा आयोजित सीए फाइनल परीक्षा सफलतापूर्वक उत्तीर्ण कर चार्टर्ड अकाउंटेंट (सीए) बनने का गौरव हासिल किया है। उनकी इस उपलब्धि से परिवार, रिश्तेदारों और नगरवासियों में उत्साह का माहौल है। अल्फ़ैज खान, अफजल खान एवं तबस्सुम खान के सुपुत्र तथा पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष हाजी जमील खान के पौत्र हैं। हाल ही में घोषित परिणाम में उन्होंने सीए फाइनल परीक्षा के दोनों ग्रुप सफलतापूर्वक पास कर अपनी प्रतिभा और मेहनत का परिचय दिया है। सीए जैसी कठिन और प्रतिष्ठित परीक्षा में सफलता प्राप्त करना किसी भी विद्यार्थी के लिए बड़ी उपलब्धि माना जाता है।

### शिक्षा के क्षेत्र में कायम किया नया कीर्तिमान

अल्फ़ैज खान की सफलता



इसलिए भी विशेष मानी जा रही है क्योंकि कुछ माह पूर्व उनकी बहन अनम खान का चयन आयकर विभाग में इंस्पेक्टर पद पर हुआ था। अनम खान की उपलब्धि के बाद अब अल्फ़ैज खान के चार्टर्ड अकाउंटेंट बनने से परिवार ने शिक्षा और प्रतियोगी परीक्षाओं के क्षेत्र में एक नई मिसाल पेश की है।

एक ही परिवार के दो बच्चों द्वारा राष्ट्रीय स्तर की प्रतिष्ठित परीक्षाओं में सफलता अर्जित करने को नगर के लोग गौरवपूर्ण उपलब्धि के रूप में देख रहे हैं। सामाजिक, शैक्षणिक एवं व्यावसायिक क्षेत्रों से जुड़े लोगों ने दोनों भाई-बहन की उपलब्धियों की सराहना करते हुए इसे युवाओं के लिए प्रेरणादायक बताया है।

### मेहनत, लगन और अनुशासन का परिणाम

परिजनों के अनुसार अल्फ़ैज खान ने अपनी पढ़ाई के दौरान लगातार मेहनत और अनुशासन बनाए रखा। वर्षों की तैयारी और समर्पण के बाद उन्हें यह सफलता प्राप्त हुई है। सीए परीक्षा को देश की सबसे चुनौतीपूर्ण पेशेवर परीक्षाओं में शामिल किया जाता है, जिसमें सफलता प्राप्त करना उच्च स्तर की शैक्षणिक योग्यता और निरंतर परिश्रम का प्रमाण माना जाता है।

### नगरवासियों ने दी बधाई

अल्फ़ैज खान की इस उपलब्धि पर नगर के गणमान्य नागरिकों, सामाजिक संगठनों, मित्रों और शुभचिंतकों ने उन्हें एवं उनके परिवार को बधाई दी है। लोगों का कहना है कि ऐसी सफलताएं सिवनी मालवा जैसे नगरों के युवाओं को बड़े सपने देखने और उन्हें साकार करने की प्रेरणा देती हैं। अल्फ़ैज खान और अनम खान की उपलब्धियां आने वाली पीढ़ी के लिए प्रेरणास्रोत बनेंगी।

## पर्यावरण संरक्षण की दिशा में सामूहिक पहल,ग्राम झाड़वीड़ा में 468 सीड बॉल तैयार

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनीमालवा

मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद के निर्देशानुसार सेक्टर क्रमांक-04 मालापाट अंतर्गत ग्राम झाड़वीड़ा में पर्यावरण संरक्षण एवं हरित क्षेत्र बढ़ाने के उद्देश्य से सीड बॉल निर्माण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में नवांकुर संस्था जीवनदायनी समाज सेवा समिति गाजनपुर के मार्गदर्शन में ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति झाड़वीड़ा द्वारा 468 सीड बॉल तैयार की गईं। कार्यक्रम में समिति अध्यक्ष कालूराम प्रजापति, सचिव प्रेमनारायण राजपूत, बीएसडब्ल्यू



छात्रा कीर्ति राजपूत एवं श्रद्धा पाल सहित ग्राम के युवा, महिलाएं और बच्चों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता निभाई। सभी ने मिलकर नीम, जामुन, आम, अर्जुन एवं कोसुम के बीजों को मिट्टी में मिश्रित कर सीड बॉल का निर्माण किया। आयोजकों ने बताया कि तैयार की गई सीड बॉल को बंजर भूमि, पहाड़ी क्षेत्रों तथा सड़क किनारे खाली स्थानों पर फैलाया जाएगा। वर्षा होने पर मिट्टी के आवरण में सुरक्षित बीज अंकुरित होकर पौधों का रूप लेंगे। मिट्टी की परत बीजों को अंकुरण तक कीट-पतंगों, पक्षियों एवं अन्य जीवों से सुरक्षा प्रदान करती है। इस अवसर पर उपस्थित लोगों ने पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लेते हुए अधिक से अधिक वृक्षारोपण एवं हरियाली बढ़ाने के लिए जनजागरण का संदेश भी दिया। ग्रामीणों का मानना है कि इस प्रकार के सामूहिक प्रयास भविष्य में क्षेत्र को हरा-भरा और पर्यावरण के अनुकूल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

### स्मार्ट मीटर उपभोक्ताओं को 20 प्रति. छूट का लाभ

**नर्मदापुरम।** मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी द्वारा कंपनी कार्यक्षेत्र के अंतर्गत स्मार्ट मीटर उपभोक्ताओं को उनके मासिक विद्युत बिल में टाइम ऑफ डे छूट का लाभ प्रदान किया जा रहा है। इसी क्रम में मई 2026 के दौरान नर्मदापुरम के कुल 55 हजार 879 उपभोक्ताओं को मई माह में 57 लाख 19 हजार रुपए की रियायत प्रदान की गई है। कंपनी द्वारा स्मार्ट मीटर उपभोक्ताओं को उनकी विद्युत खपत के आधार पर टाइम ऑफ डे योजना के अंतर्गत यह छूट प्रदान की गई है।

## निरीक्षणः स्वच्छता अभियान में शामिल होकर जानकारी ली

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया

नगरपालिका परिषद में मुख्य नगरपालिका अधिकारी के रूप में सतीश मालवीय को पदस्थ किया गया है। तथा उनके साथ ही राजस्व निरीक्षक के पद पर संतोष रघुवंशी को पदस्थ किया गया है। उपमंत्री के पद पर अभिषेक श्रीवास्तव को पदस्थ किया गया है। सहायक राजस्व निरीक्षक के पद पर सुनील मांझी को पदस्थ किया गया है। सभी अधिकारियों ने अपना कार्यभार ग्रहण कर लिया गया है। कार्यालय में तो अपनी उपस्थिति दर्ज कराई गई है। मुख्य नगरपालिका अधिकारी सतीश मालवीय ने सभी स्टाफ के लोगों से परिचय प्राप्त किया गया। तथा मालवीय नगर पालिका परिषद क्षेत्र सहित नगर का भ्रमण किया गया।नगर में चल रहे निर्माण कार्य की जानकारी ली तथा निरीक्षण किया गया। नगर में पीने के पानी वितरण को लेकर जानकारी दी गई।

साफ सफाई कर्मचारी वर्ग से जानकारी ली तथा स्वच्छता अभियान में शामिल होकर जानकारी ली। नगर में बजार बसूली भी इस समय चर्चा का विषय बनीं हुई है। जिनमें मुख्य रुप से मंगलवारा चौराहे पर नेमा एवं पचमढ़ी रोड पर शहीद नामक के द्वारा शाम के समय बसूला जा रहा है। लेकिन रशीद नहीं दी जा रही है।

### उठाये सवाल

इस समय सफाई कर्मचारी संगठन ने भी सवाल उठाए है। मालवीय ने विधायक ठाकुरदास नागवंशी नगर पालिका अध्यक्ष नीना नवनीत नागपाल भाजपा जिला महामंत्री ममता नागवंशी सहित अन्य सभी पदाधिकारियों से मुलाकात की।

### मतदाता सूची तैयार करने विशेष प्रशासन का अभियान जारी

# एसडीएम ने किया मतदाताओं का भौतिक सत्यापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनीमालवा

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री सोमेश मिश्रा के निर्देशन में स्थानीय निर्वाचन हेतु निर्वाचक नामावलियों के संक्षिप्त पुनरीक्षण का कार्य जिले में सुचारू रूप से संचालित किया जा रहा है। अभियान के अंतर्गत मतदाता सूची में नाम जोड़ने, मृत अथवा दोहरी प्रविष्टि वाले मतदाताओं के नाम अपमार्जित करने तथा त्रुटियों के सुधार की कार्यवाही युद्धस्तर पर की जा रही है।

राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा प्रदाय जांच सूचियों के आधार पर प्राधिकृत अधिकारियों (बीएलओ) द्वारा घर-घर जाकर मतदाताओं का



सघन भौतिक सत्यापन किया जा रहा है। इसी क्रम में कलेक्टर महोदय के निर्देशानुसार सिवनी मालवा क्षेत्र में अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) एवं निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी श्री विजय राय ने वार्ड क्रमांक-9 में पहुंचकर प्राधिकृत अधिकारियों की टीम के साथ चल रही सत्यापन कार्यवाही का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान श्री राय ने मतदाताओं एवं नागरिकों से संवाद करते हुए अपील की कि यदि किसी मृत अथवा अपात्र व्यक्ति का नाम मतदाता सूची में दर्ज है तो इसकी जानकारी तत्काल संबंधित अधिकारी-कर्मचारी को दें। उन्होंने बताया कि नागरिक ERMS पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन आपत्ति प्रपत्र भी प्रस्तुत कर सकते हैं, जिसके आधार पर प्राधिकृत अधिकारी द्वारा सूक्ष्म जांच कर नियमानुसार नाम हटाने की कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने कहा कि मतदाता सूची की शुद्धता एवं पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए सभी प्राधिकृत अधिकारी जांच सूची के साथ घर-घर पहुंचकर निष्पक्ष रूप से सत्यापन कार्य कर रहे हैं। अभियान का उद्देश्य पात्र मतदाताओं को सूची में शामिल करना तथा अपात्र प्रविष्टियों को हटाकर एक स्वच्छ एवं विश्वसनीय मतदाता सूची तैयार करना है। मौका निरीक्षण के दौरान तहसील सिवनी मालवा के निर्वाचन सुपरवाइजर श्री पंकज परसाई, प्राधिकृत अधिकारी तथा नगर पालिका परिषद सिवनी मालवा के अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

### करें पांडुलिपियों का पंजीयन एवं अपलोड

**नर्मदापुरम।** भारत की समृद्ध सांस्कृतिक, ऐतिहासिक एवं ज्ञान परंपरा के संरक्षण के लिए भारतीय पांडुलिपियों और ऐतिहासिक दस्तावेजों के डिजिटलीकरण का कार्य देशभर में तेजी से किया जा रहा है। इस महत्वपूर्ण राष्ट्रीय अभियान के अंतर्गत 20 करोड़ से अधिक ऐतिहासिक दस्तावेजों तथा 7.5 लाख से अधिक पांडुलिपियों का डिजिटलीकरण किया जा रहा है। इस पहल का उद्देश्य भारत की अमूल्य ज्ञान-संपदा, प्राचीन साहित्य, दर्शन, विज्ञान, संस्कृति एवं इतिहास से संबंधित दुर्लभ सामग्री को सुरक्षित रखना तथा आने वाली पीढ़ियों के लिए सुलभ बनाना है। डिजिटलीकरण के माध्यम से सदियों पुरानी पांडुलिपियों को संरक्षित कर उनके क्षरण एवं नष्ट होने की संभावना को कम किया जा रहा है।

## नगरपालिका के सफाई कर्मचारियों ने मुख्य नगरपालिका अधिकारी को सौंपा ज्ञापन

### ठेकेदार कर रहे मनमानी, कर्मचारियों का नहीं कर रहे राशि का भुगतान

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया

पिपरिया नगरपालिका परिषद में लगातार सफाई व्यवस्था में सहयोग करने वाले लोगों ने लेखापाल मुकेश पठारिया को ज्ञापन सौंपा गया है। जिसमें ई ,पी ,एफ ,की राशि का भुगतान सफाई कर्मचारी के खाते में जमा कराने को लेकर मांग की हे।

### नहीं किया जा रहा राशि का भुगतान

एक करोड़ रुपए ई पी एफ की राशि 30अप्रेल 2026को जमा करना बताया गया था। लेकिन आज दिनांक तक खाते में वह राशि जमा कराई नहीं गई है। जबकि दुसरी किस्त का भुगतान दिनांक



30/5(26तक तथा तीसरी किस्त 30जून 2026तक जमा करने का आश्वासन दिया है।

भुगतान नहीं किया गया है।अब अनिश्चितकालीन अनशन करने के लिए तैयार है। दैनिक वेतन भोगी विनियमित की ई पी एफ की राशि प्रतिमाह उनके खाते में जमा किया जाना चाहिए था। लेकिन अभी तक कोई समाधान नहीं हुआ है। स्थाई कर्मी श्रमिक दैनिक वेतन भोगी विनियमित करम चारी ने 7दिवस में भुगतान नहीं किया गया है।तो सभी कर्मचारियों ने अनिश्चितकड़ताल पर जाने कि घोषणा की है। दिलीप हारि ए नरेंद्र मोदी विनोद कुमार अनिल बबीता सहित अन्य सभी शामिल हुए।

## खबर संक्षेप

### विद्युत चेकिंग अभियान के तहत 291 प्रकरण दर्ज

**हरदा।** पिछले दो दिन में जिले में विद्युत कंपनी ने व्यापक स्तर पर विद्युत चेकिंग अभियान चलाया गया। अभियान के तहत 19 चेकिंग दलों का गठन कर जिले के विभिन्न विद्युत वितरण केन्द्रों व क्षेत्रों में सघन जांच की गई। जांच के दौरान हरदा उत्तर/दक्षिण संभागों में विजिलेंस टीम द्वारा 291 विद्युत चोरी व अनाधिकृत उपयोग के प्रकरण चिन्हित किये गये। इन चेकिंग प्रकरणों में 41.18 लाख की बिलिंग की गई। इन सभी को नोटिस जारी कर वसूली की कार्यवाही की जाएगी। चोरी एवं अनाधिकृत उपयोग के विरूद्ध अभियान जारी रहेगा।

### प्रधानमंत्री आज खाते में डालेंगे सम्मान निधि

**हरदा।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 20 जून को पश्चिम बंगाल के तारकेश्वर, हुगली में आयोजित कार्यक्रम में किसानों के खाते में प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की 23 वीं किश्त अंतरित करेंगे। इस अवसर जिले में 'पीएम किसान उत्सव दिवस' मनाया जाएगा। इस अवसर जिला स्तरीय कार्यक्रम कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित किया गया है। कलेक्टर सिद्धार्थ जैन ने जिला स्तरीय कार्यक्रम के आयोजन के लिये अनुविभागीय अधिकारी राजस्व अशोक डेहरिया को जिला स्तरीय नोडल अधिकारी नियुक्त किया है। इसके अलावा तहसील एवं ग्राम स्तर पर भी कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इन कार्यक्रमों में स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं किसान शामिल होंगे। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री के कार्यक्रम का लाइव प्रसारण दिखाया जाएगा।

### अंतरराष्ट्रीय योग दिवस हरदा मंडी में मनेगा

**हरदा।** 21 जून को जिले में 12वां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस 'स्वस्थ आयु के लिए योग' की थीम पर आयोजित किया जाएगा। जिला स्तरीय सामूहिक योग कार्यक्रम कृषि उपज मंडी प्रांगण हरदा में आयोजित किया जाएगा। जिला स्तरीय कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष गजेन्द्र शाह मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। जारी कार्यक्रम अनुसार सुबह 6 बजे से अतिथियों का आगमन और उनका उद्बोधन होगा। इसके बाद सुबह 6:30 बजे से कोलकाता में आयोजित राष्ट्रीय कार्यक्रम का सीधा प्रसारण देखा जाएगा। सुबह 6:45 बजे से प्रधानमंत्रीका लाइव उद्बोधन होगा। इसके बाद सुबह 7 से 7:45 बजे तक सामान्य योग प्रोटोकॉल के तहत सामूहिक योगाभ्यास किया जाएगा।

### अवैध मदिरा को लेकर 11 प्रकरण दर्ज

**हरदा।** आबकारी विभाग के दल ने गुरुवार को मदिरा के अवैध विक्रय, परिवहन व संग्रहण के विरूद्ध कार्रवाई की। जिला आबकारी अधिकारी सुनील भोजने ने बताया कि जिले के बीड़, बैरागढ़, खेड़ीपुरा, सुल्तानपुर, धूपकरण, रहटाकला, दीपगांव, धनकार, पीपल्या व खुदिया में दबिश दी। दबिश के दौरान कुल 24 लीटर हाथ भट्टी कच्ची शराब एवं 520 किलोग्राम महुआ लाहन जब्त कर 11 प्रकरण दर्ज किए।

### 18 पांडुलिपियां पोर्टल पर अपलोड की

**हरदा।** जिले में ज्ञान भारतम्-मिशन के तहत 18 प्राचीन पाण्डुलिपियों को ज्ञान भारतम मोबाइल एप पर अपलोड किया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार हंडिया में उपलब्ध सिक्खों के दसवें गुरु गोबिन्द सिंह द्वारा गुरूवाणी में अंकित सनद, हरदा के जैन मंदिर में कन्नड़ भाषा में उपलब्ध त्रिलोक सार ग्रन्थ एवं ग्राम कुकरावद में स्व. सालिगराम बाबा द्वारा हस्त निर्मित कागज पर देवनागरी एवं संस्कृत भाषा में रचित सनातन धर्म, वैदिक अनुष्ठानों और पंचांग कर्म की विधियों से संबंधित पाण्डुलिपियों सहित कुल 18 पाण्डुलिपियों को इस पोर्टल पर अपलोड किया गया है। इनमें विभिन्न धर्मों से संबंधित प्राचीन पांडुलिपियां शामिल हैं। कलेक्टर सिद्धार्थ जैन ने कहा है कि मठ, मंदिरों के साथ-साथ कई घरों में विद्यमान प्राचीन पांडुलिपियों को आने वाली पीढ़ियों तक पहुँचाना हम सभी की जिम्मेदारी हैं। इस अमूल्य विरासत के संरक्षण, संवर्धन और दस्तावेजीकरण के लिये राष्ट्रीय स्तर पर ज्ञान भारतम मिशन की शुरुआत की गई है।

अवैध मादक पदार्थों के विरुद्ध चलाया जा रहा अभियान, कार संदिग्ध अवस्था में खड़ी मिली

# हरदा पुलिस ने 54.76 ग्राम एमडी पाउडर सहित दो लोगों को गिरफ्तार किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा

कोतवाली पुलिस ने 54.76 ग्राम एमडी (मेफेड्रोन) पाउडर के साथ दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार 19 जून को अवैध मादक पदार्थों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के दौरान गश्त के समय कैदी ढाबा के सामने एक फ्रॉन्क्स कार (एमपी-04 वाईएस-4731) संदिग्ध अवस्था में खड़ी मिली। पुलिस ने कार में बैठे दो व्यक्तियों की तलाशी ली। तलाशी के दौरान उनके कब्जे से 54.76 ग्राम एमडी पाउडर बरामद किया गया।



पुलिस ने मादक पदार्थ तथा घटना में प्रयुक्त वाहन को जब्त कर लिया है। जब्त सामग्री की अनुमानित कीमत करीब 15.50 लाख रुपए बताई गई है। पुलिस के अनुसार पूछताछ के दौरान आरोपियों की निशानदेही पर वाहन से 1 लाख 12 हजार 700 रुपए नकद भी जब्त किए गए। इनमें रामेश्वर मुड़ेल से 69 हजार 500 रुपए तथा विनोद यादव उर्फ बबलू यादव से 43 हजार 200 रुपए बरामद किए गए। गिरफ्तार आरोपियों में रामेश्वर पिता राम भरोस मुड़ेल (47) निवासी ग्राम गोयत, थाना टिमरनी तथा विनोद पिता कोदर यादव (48) निवासी ग्राम रोलगांव, थाना सिराली शामिल हैं।दोनों आरोपियों के विरुद्ध कोतवाली थाना में अपराध क्रमांक 408/26 के तहत धारा 8/22 एनडीपीएस एक्ट में प्रकरण दर्ज किया गया है। पुलिस मादक पदार्थ के स्रोत एवं इससे जुड़े अन्य व्यक्तियों के संबंध में पूछताछ कर रही है। कार्रवाई में उपनिरीक्षक जितेंद्र राजपूत, उपनिरीक्षक सुरेंद्र श्रीवास्तव, प्रधान आरक्षक हरिप्रसाद पटेल, आरक्षक प्रदीप मालवीय, सजन राजपूत, नीलेश पटेल तथा साइबर सेल के कमलेश सिंह परिहार और लोकेश सातपुते शामिल रहे।

जिला स्तरीय प्राकृतिक खेती कार्यशाला सह कृषक प्रशिक्षण संपन्न

# प्राकृतिक खेती की आवश्यकता, प्रासंगिकता व पर्यावरण संरक्षण में महत्वपूर्ण भूमिका समझाई



हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा

कृषि विज्ञान केंद्र, हरदा में शुक्रवार को जिला स्तरीय प्राकृतिक खेती कार्यशाला सह कृषक प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम कृषि विज्ञान केंद्र एवं उप संचालक कृषि कार्यालय, हरदा के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में जिला पंचायत उपाध्यक्ष दर्शन सिंह गहलोत व जिला अध्यक्ष राजेश वर्मा विशेष रूप से उपस्थित थे। इस अवसर पर कृषि स्थायी समिति के सभापति ललित पटेल एवं बसंत सिंह राजपूत भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान उप संचालक कृषि जवाहर कासदे ने कार्यक्रम की भूमिका प्रस्तुत की तथा प्राकृतिक खेती की आवश्यकता, वर्तमान परिप्रेक्ष्य में इसकी प्रासंगिकता एवं पर्यावरण संरक्षण में इसकी महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला। कृषि विज्ञान केंद्र की वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख डॉ. संध्या मुरे ने किसानों को जैविक एवं प्राकृतिक खेती के महत्व एवं लाभों की जानकारी दी। कृषि वैज्ञानिक डॉ. आर. सी. जाटव ने प्राकृतिक खेती की विभिन्न तकनीकों पर विस्तृत प्रकाश डाला, वहीं डॉ. मुकेश बंकोलिया ने बीज उपचार की वैज्ञानिक विधियों एवं उनके महत्व के संबंध में जानकारी दी। इस अवसर पर डॉ. पुष्पा झारिया ने किसानों को सोयाबीन की नवीन एवं उन्नत किस्मों की जानकारी दी।

कार्यक्रम के अंत में जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों द्वारा केंद्र की विभिन्न इकाइयों का भ्रमण किया गया तथा मत्स्य पालन एवं कुक्कुट पालन इकाइयों का शुभारंभ भी किया गया। कार्यक्रम में कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक डॉ. जागृति बोरकर एवं डॉ. रितेश बगोरा सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का उद्देश्य किसानों को प्राकृतिक खेती की उन्नत तकनीकों से अवगत कराना तथा कृषि में रासायनिक आदानों पर निर्भरता कम कर टिकाऊ एवं पर्यावरण-अनुकूल कृषि को बढ़ावा देना था। कार्यक्रम में उपस्थित किसानों ने विभिन्न तकनीकी विषयों पर जानकारी प्राप्त की तथा प्राकृतिक खेती को अपनाने के प्रति उत्साह व्यक्त किया। कार्यक्रम का समापन किसानों के साथ संवाद एवं प्रश्नोत्तर सत्र के साथ हुआ। कार्यक्रम का सफल मंच संचालन डॉ. पुष्पा झारिया द्वारा किया गया तथा अंत में उपस्थित अतिथियों एवं किसानों के प्रति आभार व्यक्त किया गया।

जनकल्याण शिविर का समापन

# कृषि को उद्यानिकी, पशु के साथ मछली पालन से जोड़ें: नागदेवे



हरिभूमि न्यूज ▶▶ झिरन्या

जिला पंचायत खरगोन के सीइओ मिलिंद नागदेवे ने परम्परागत कृषि को उद्यानिकी और पशु एवं मछली पालन से जोड़ने का आह्वान किया। जिससे यह और अधिक रोजगार-उन्मुख एवं आय-वृद्धि में सहायक हो सकेगा। फलस्वरूप किसान खुशहाल एवं समृद्ध हो सकेंगे। सीईओ नागदेवे यहां गुरुवार को तीन दिवसीय जनकल्याण शिविर के समापन-कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने यह भी कहा कि शिक्षित युवा-वर्ग भी प्रतिस्पर्धा के दौर में शासकीय सेवाओं से वंचित हो जाते हैं। इसलिए उन्हें लघु एवं बड़े उद्योगों से जुड़कर आत्म-निर्भर बनना चाहिए। इस श्रृंखला में उन्होंने शासकीय योजनाओं का लाभ लेने का आह्वान किया। शिविर को भाजपा महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष शीला पटेल, जनपद पंचायत की अध्यक्ष संगीता-तेरसिंह नार्वे,उपाध्यक्ष मनोज जायसवाल, पूर्व विधायक धूलसिंह डावर,मंडल अध्यक्ष आशीष राठौर ने संबोधित किया। अतिथियों ने मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित एवं माल्यार्पण कर शिविर का शुभारम्भ किया। वक्ताओं ने शासकीय योजनाओं की जानकारी दी और विभिन्न योजनाओं से हितग्राहियों को लाभान्वित किया।

शिविर में भाजपा नेता टेवलराम चौहान,सुन्दर बारसे,जितेन्द्र तोमर और एसडीएम भीकनगांव लोकेश छापरे, सीईओ रीमा अंसारी सहित शासकीय कर्मचारी-अधिकारी और ग्रामीण उपस्थित थे। संचालन भागीरथ तोनगरे ने किया और जनपद कर्मी कप्तानसिंह सिसौदिया ने आभार व्यक्त किया।

# मोटरयान अधिनियम का उल्लंघन करने पर 5 वाहनों से 19.500 रुपए समन शुल्क वसूला गया



हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा

परिवहन विभाग द्वारा जिले के विभिन्न मार्गों पर चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। इस दौरान विभिन्न प्रकार के वाहनों को चेक कर बकाया कर, बिना पंजीयन, अस्पष्ट रूप से पंजीयन क्रमांक, बिना बीमा, बिना पीयूसी, बिना फिटनेस व परमिट के संचालित यात्री बस, स्कूल बस, आटो रिक्शा, लोडिंग वाहन, डम्पर वाहनों की जांच की जा रही है। जिला परिवहन अधिकारी राकेश अहाके ने बताया कि शुक्रवार को परिवहन विभाग के दल द्वारा टिमरनी बस स्टेण्ड व विभिन्न मार्गों पर चेकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान टिमरनी बस स्टेण्ड पर चेकिंग के दौरान 15 यात्री वाहनों को चैक किया गया। इनमें से 5 यात्री वाहनों पर मोटरयान अधिनियमो का उल्लंघन करने पर नियमानुसार चालानी कार्यवाही कर शमन शुल्क 19500 रूपये वसूल किया गया। जांच के दौरान वाहन चालको को नियमपूर्वक वाहन संचालन की हिदायत दी गई

# नशा मुक्ति सप्ताह के तहत कार्यशाला में नशे से होने वाले दुष्प्रभाव तथा बचाव के उपाय बताए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा

नशा मुक्ति सप्ताह के तहत जिले में शासन द्वारा निर्धारित कैलेंडर अनुसार ''विकसित भारत की पहचान नशा मुक्त भारत अभियान'' की थीम पर विभिन्न जन जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। उपसंचालक सामाजिक न्याय कमलेश सिंह ने बताया कि शुक्रवार को नर्सिंग छात्र छात्राओं हेतु संचालित जेड प्लस संस्था हरदा में नशा मुक्ति कार्यशाला एवं ग्रुप डिस्कशन का आयोजन किया गया। कार्यशाला में विद्यार्थियों ने बढ़ चढ़कर कर हिस्सा लिया एवं विभाग से नशा मुक्ति मास्टर ट्रेनर मयंक काले एवं संकेत श्रीवास्तव ने बच्चों को अभियान के संबंध में जानकारी दी। इस दौरान उन्होने नशे से होने वाले दुष्प्रभावों तथा नशे से बचाव के उपाय बताये। कार्यक्रम के अंत में नशा मुक्ति की शपथ दिलाई गई।



ढावला केलवाड़ी पहुंचे पूर्व सीएम का ग्रामीणों ने किया स्वागत

# किसानों को मिले उपज का उचित मूल्य: दिग्विजय सिंह

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सीहोर

पूर्व मुख्यमंत्री एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता दिग्विजय सिंह ने कहाकि भाजपा सरकार वर्तमान शासन में आम नागरिक और किसान दोनों ही परेशान हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि बढ़ती महंगाई, बेरोजगारी और कृषि संबंधी समस्याओं ने लोगों का जीवन कठिन बना दिया है। उन्होंने कहाकि किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य नहीं मिल रहा है, जबकि खेती की लागत लगातार बढ़ती जा रही है। खाद, बीज, डीजल और अन्य कृषि संसाधनों की कीमतों में वृद्धि से किसान आर्थिक दबाव में हैं।

उन्होंने कहा कि सरकार को किसानों की समस्याओं के समाधान के लिए ठोस कदम उठाने चाहिए। उक्त विचार जिला मुख्यालय के समीपस्थ ग्राम ढाबलाकेलवाड़ी में जगीरदार महेन्द्र सिंह दरबार राउले के यहां कांग्रेसजनों, ग्रामीण और किसानों को संबोधित किया। इस मौके पर उन्होंने दरबार के परिजनों से भेंट के अलावा ग्रामीणों से मुलाकात की। इस मौके पर पूर्व विधायक शैलेन्द्र पटेल, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष राकेश राय, जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष राजीव गुजराती, पवन राठौर, बृजेश पटेल, बाबूलाल पटेल, देवेन्द्र ठाकुर, आशीष गहलोत, ईश्वर सिंह ठाकुर, मनोज पटेल, घनश्याम पटेल, लखन लाल जागीदार, घनश्याम त्यागी आदि शामिल थे। पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि आम जनता भी महंगाई से त्रस्त है। रोजमर्रा की जरूरतों की वस्तुओं के दाम बढ़ने से परिवारों का बजट प्रभावित हो रहा है। उन्होंने बेरोजगारी को भी गंभीर मुद्दा बताते हुए कहा कि युवाओं को रोजगार के पर्याप्त अवसर नहीं मिल पा रहे हैं। कांग्रेस हमेशा किसानों, मजदूरों और आम नागरिकों के हितों की लड़ाई लड़ती रही है और आगे भी जनता



के मुद्दों को प्रमुखता से उठाती रहेगी। उन्होंने सरकार से जनहित से जुड़े मुद्दों पर गंभीरता से ध्यान देने और राहतकारी कदम उठाने की मांग की। इस दौरान कांग्रेस कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी भी उपस्थित रहे।

## कृषक कार्यशाला और संगोष्ठियों का आयोजन

**सीहोर।** जन कल्याण अभियान के अंतर्गत जिले के किसानों को जैविक एवं उन्नत कृषि तकनीकों की जानकारी प्रदान करने के उद्देश्य से 19 से 21 जून तक प्राकृतिक खेती विषयक कार्यशाला एवं कृषक संगोष्ठी का आयोजन किया जा रहा है। जारी कार्यक्रम अनुसार 19 जून को सीहोर में, 20 जून को इछावर में तथा 21 जून 2026 को भैरूंदा में कृषक संगोष्ठी एवं कार्यशाला आयोजित की जाएंगी। कलेक्टर ने संगोष्ठियों के सफल आयोजन के लिए संबंधित विभागों के अधिकारियों को सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा है कि कार्यक्रमों में स्थानीय जनप्रतिनिधियों को आमंत्रित किया जाए तथा अधिक से अधिक किसानों की सहभागिता सुनिश्चित की जाए, ताकि जिले के किसान कृषि विशेषज्ञों से सीधे संवाद कर सकें।

कार्यक्रम किए गए

# रानी लक्ष्मीबाई का बलिदान व गुरु अर्जुन देव का शहीदी दिवस मनाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सीहोर

हर साल की तरह इस साल भी आर्यावर्त षट्दर्शन साधु मंडल भारत सनातन सेना के तत्वावधान में 15 दिवसीय कार्यक्रम का शुभारंभ एक प्रयास संस्था, श्रद्धा भक्ति सेवा समिति और सनातन सेना के संयुक्त तत्वाधान में शहर के सैकड़ाखेड़ी स्थित संकल्प नशा मुक्ति केन्द्र में किया जा रहा है। गुरुवार को झांसी की रानी लक्ष्मीबाई का बलिदान दिवस मनाया एवं सिख धर्म के पांचवें गुरु गुरु अर्जुन देव का शहीदी दिवस श्रद्धा एवं सम्मान के साथ मनाया, आगामी दिनों में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस, धूमावती जयंती, महेश नवमी, गायत्री जयंती, भीमसेनी ग्यारस, संत कबीर जयंती के अलावा गुरु हरगोविंद जयंती के साथ एक जुलाई को डाक्टर्स एवं सीए दिवस के साथ समापन किया जाएगा। केन्द्र के संचालक राहुल सिंह, संस्कार मंच के प्रभारी मनोज दीक्षित मामा, आयुष गुप्ता, कमलेश राय आदि ने सनातन सेना के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष संत माधव दास, प्रदेश उपाध्यक्ष सन्नी सरदार, प्रदेश सचिव पवन केवट आदि का स्वागत सम्मान किया। इस मौके पर सनातन सेना के प्रदेश उपाध्यक्ष सन्नी सरदार ने कहाकि हमें गर्व है कि हम सनातनी है। रानी लक्ष्मी बाई, गुरु अर्जुन देव और अनगिनत अन्य महान आत्माओं के सर्वोच्च बलिदान और त्याग की नींव पर ही हमारे देश की सुरक्षा और स्वतंत्रता टिकी हुई है। उन्होंने कहाकि रानी लक्ष्मी बाई 1857 के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम में उन्होंने अंग्रेजों के खिलाफ अदम्य साहस का परिचय दिया और खूब लड़ी मर्दानी वह तो झाँसी वाली रानी थी के संकल्प के साथ देश के लिए लड़ते हुए वीरगति को प्राप्त हुईं। गुरु अर्जुन देव सिखों के पांचवें गुरु, मुगल शासक जहांगीर के अत्याचारों के आगे झुकने से इनकार कर दिया और धर्म व मानवीय मूल्यों की रक्षा के लिए अपना सर्वोच्च बलिदान दिया। आयोजित कार्यक्रम में झांसी की रानी लक्ष्मीबाई एवं सिख धर्म के पांचवें गुरु अर्जुन देव की पुण्यतिथि श्रद्धा एवं सम्मान के साथ मनाई गई।